● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 111, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार , 28 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र


दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आदित्य ठाकरे का बीजेपी से सवाल 5



इंग्लैण्ड दौरे पर बुमराह पर बोझ न डाले : शास्त्री 6

## ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया ताकि कोई सबूत न मांगे : पीएम



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे।

ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है इसीलिए वो आतंकवादी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

पीएम मोदी 2 दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने गांधीनगर में 2 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को भुज में भी एक सभा की थी। यहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

आतंकवादियों ने जब पीओके पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता, लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गई, लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गए थे। सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था।

कल 26 मई थी। 2014 में 26 मई को मुझे पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने का अवसर मिला था। तब भारत की इकोनॉमी दुनिया में 11 नंबर पर थी। हमने कोरोना से लड़ाई लड़ी। पड़ोसियों से लड़ाई लड़ी। प्राकृतिक आपदा भी झेली। इन सबके बावजूद हम 11 नंबर से 4 नंबर की इकोनॉमी पर पहुंच गए।

जब हम इकोनॉमी में छठे से पांचवे नंबर पर आए, तो पूरे देश में अलग ही जोश था, क्योंकि हमने अपने ऊपर 250 सालों से राज करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया था। तीसरे नंबर पर आने में भी देश ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अगर कोई इंतजार करने को कहेगा तो पीछे से आवाज आएगी मोदी है तो मुमकिन है।

पीएम ने कहा कि 2035 में जब गुजरात 75 साल का होगा, तो बहुत आगे बढ़ चुका होगा। जब गुजरात महाराष्ट्र से अलग हुआ तो चर्चा होती थी कि अलग होकर गुजरात क्या करेगा। तीनों तरफ समुद्र है। दूसरी तरफ पाकिस्तान है। गुजरात के पास कोई मिनरल्स नहीं, गुजरात तरक्की कैसे करेगा, लेकिन आज गुजरात पूरी दुनिया में जाना जाता है।

5. गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी की

मोदी ने कहा कि गुजरात ने नमक से लेकर हीरे तक की यात्रा पूरी कर ली है। हमने योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए। हमारे सरकारी मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। पहले गुजरात में पर्यटन के बारे में कोई बात नहीं करता था, लेकिन अब विदेशी लोग घूमने के लिए गुजरात आते हैं।

2047 में जब भारत की आजादी के 100 साल पूरे हो जाएंगे, तो हम ये तय कर लें कि देश की इकोनॉमी को 4 नंबर से 3 नंबर पर ले जाने के लिए हम किसी विदेशी चीज का उपयोग नहीं करेंगे। हमें गांव-गांव जाकर व्यापारियों को ये शपथ दिलानी होगी कि कितना भी मुनाफा हो, वे विदेशी माल नहीं बचेंगे, लेकिन दुर्भाग्य देखिए, गणेशजी भी विदेशी आ जाते हैं। छोटी आंख वाले गणेशजी। होली पर रंग भी छिड़कना है तो विदेशी।

## वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन को मंजूरी

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद का निर्णय

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2025, भाग-1 का अनुमोदन किया गया है। वित्त विभाग को लिपिकीय त्रुटियों को सुधारने और भावी आवश्यकताओं के अनुसार संशोधन करने की अनुमति दी गई है।



साथ ही, हिन्दी अनुवाद जारी करने की भी अनुमति दी गई है। अनुमोदित वित्तीय अधिकार 1 जुलाई, 2025 से लागू होंगे। वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2012, भाग-1 में संशोधन के प्रमुख कारणों में 13 वर्ष से अधिक की अवधि में विभिन्न मदों के मूल्यों/लागतों में वृद्धि, कार्यालय संचालन से संबंधित कतिपय नवीन स्वरूपों के व्यय भी प्रचलन में आये हैं। अप्रासंगिक हो गई मदों का विलोपन, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नवीन मदों को सम्मिलित किया जाना, अप्रासंगिक हो चुके कार्यालयीन उपकरण / सामग्री का विलोपन, अधिकारों का विकेंद्रीकरण के क्रियान्वयन में गति प्रदान करने के लिए, बजट प्रावधान का समयसीमा में उपयोग शामिल हैं। वित्तीय अधिकार पुस्तिका 2012, भाग-1 में संशोधन नवीन प्रावधान अंतर्गत बजट नियंत्रण अधिकारी घोषित किया जाने के लिए प्रशासकीय विभाग को अधिकार से कार्य के लिए अधिकार को संलग्न करने के लिए अधिकार, मूलभूत नियम 46 अंतर्गत मानदेय की स्वीकृति, पेंशन / उपदान के अधिक भुगतान को करने का अधिकार है।

## टीएमसी सांसदों ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

### पीएम को लिखा पत्र, कहा- ऑपरेशन सिंदूर पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीमएसी) के सांसदों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। सांसदों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि विशेष सत्र में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा कराई जाए।

लोकसभा और राज्यसभा के तृणमूल कांग्रेस सदस्यों की पुराने संसद भवन संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि हम सभी ने प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। हमने कहा है कि सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के पांच जून को यात्रा से लौटने के बाद संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का संदेश देने के लिए विदेश भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का समर्थन किया है, लेकिन देश के लोग भी सरकार के कदमों के बारे में जानना चाहते हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि हमने विदेश में प्रतिनिधिमंडल में प्रतिभागियों को भेजने में भारत सरकार के साथ पूरा सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि अब संसद का विशेष सत्र बुलाने का समय आ गया है, क्योंकि भारत के नागरिकों को भी पाकिस्तान आधारित आतंकवाद से निपटने में सरकार के कदमों के बारे में जानने की जरूरत है। सांसदों ने पहलगाम हमले और उसके बाद की कार्रवाई में जान गंवाने वालों के सम्मान में आयोजित बैठक में एक मिनट का मौन भी रखा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से विपक्षी दल संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सांसदों को जानकारी देने के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में भी यह मांग उठी थी।

## टैक्स रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 15 सितंबर

**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने अभी तक कोई आधिकारिक तारीख घोषित नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, यह प्रक्रिया जून 2025 के पहले हफ्ते से शुरू हो सकती है। टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2025 का इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दी है। इनकम टैक्स विभाग ने आज यानी, मंगलवार 27 मई को इसकी जानकारी दी। आईटीआर फाइलिंग की प्रोसेस जून के पहले हफ्ते से शुरू हो सकती है। आमतौर पर ये 1 अप्रैल से शुरू हो जाती है, लेकिन इस साल इसमें देरी हो रही है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर

## हमें एकजुट होने और स्वदेशी ताकत की जरूरत

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी ताकत भी जरूरी है। उन्होंने एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के



प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कह हाल की घटनाओं को देखते हुए हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों के अलावा लोगों से भी आती है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ एम एल राजा को एक साल के लिए डॉ एस राधाकृष्णन चेयर के लिए नामित किया। डॉ. एस राधाकृष्णन चेयर की स्थापना 2009 में राज्य सभा द्वारा भारत में संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हुई थी।

## सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा नेता एन रवि पर साधा निशाना

**बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एन. रवि कुमार के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कलबुर्गी की डिप्टी कमिश्नर (डीसी) फौजिया तरन्नुम को लेकर पाकिस्तान से जोड़कर विवादास्पद टिप्पणी की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बयान समाज में दुश्मनी और नफरत फैलाने के मकसद से दिया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा, जो कुछ भी भाजपा के एमएलसी रवि कुमार ने कहा है, वह पूरी तरह अनुचित है।

## 2026 तक असम में बाल विवाह पूरी तरह से बंद हो जाएंगे : हिमंत बिस्व

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि साल 2026 तक राज्य में बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। उन्होंने दावा किया कि असम सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के फैसले के चलते बाल विवाह की घटनाओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार बाल विवाह प्रथा को रोकने के प्रयास कर रही है और उसके प्रयासों को पहचान भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार को नई दिल्ली में जब एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, उसमें भी बाल विवाह रोकने के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी एनडीए के मुख्यमंत्रियों से बाल विवाह प्रथा को खत्म करने के लिए असम मॉडल अपनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को असम जाकर ये पता लगाने का भी निर्देश दिया कि किस तरह से राज्य में बाल विवाह में तेज गिरावट आई है।

## लालू परिवार और पार्टी से निकाले जाने के बाद तेज प्रताप का पहला संदेश

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को भले ही पार्टी और परिवार से बाहर निकाल दिया। लेकिन, तेज प्रताप यादव आज भी अपने परिवार को नहीं भूले हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद तेज प्रताप ने प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद पार्टी से निकाले जाने और पिता लालू प्रसाद, बहन रोहिणी आचार्या और छोटे भाई तेजस्वी यादव की नाराजगी पर भी उन्होंने कुछ नहीं कहा। तीन दिन तक चुप्पी साधी रखी। आज उनका बयान सामने आया तो वह भी अपने भतीजे के लिए। तेजस्वी यादव के दूसरी बार पिता बनने पर उन्होंने बधाई दी।

सोशल मीडिया पर अपने भाई और भतीजे की तस्वीर शेयर करते हुए पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने लिखा कि श्री बांके बिहारी जी के असीम कृपा व आशीर्वाद से नवजात शिशु के आगमन ( पुत्ररत्न की प्राप्ति ) पर मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। छोटे भाई तेजस्वी प्रसाद यादव एवं राजश्री यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भतीजे को मेरा स्नेहिल आशीर्वाद एवं शुभ प्यार।



श्री बांके बिहारी जी के असीम कृपा व आशीर्वाद से नवजात शिशु के आगमन ( पुत्ररत्न की प्राप्ति ) पर मुझे बड़े पापा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है..छोटे भाई तेजस्वी प्रसाद यादव एवं राज श्री यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...भतीजे को मेरा स्नेहिल आशीर्वाद एवं शुभ प्यार।

24 मई को तेज प्रताप यादव के ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट से अकाउंट से पोस्ट शेयर किया गया। इसमें तेज प्रताप एक लड़की के साथ दिख रहे थे। इसमें लिखा गया था कि मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहें हैं।

## मुंबई में 24 घंटे में 106 मिमी बारिश

**मुंबई।** हफ्ते की शुरुआत में तेज बारिश झेलने के बाद मुंबई के निवासियों को मंगलवार सुबह थोड़ी राहत मिली। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में मुंबई शहर में औसतन 106 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। लोकल ट्रेनें थोड़ी देर से चल रही थीं, जबकि बेस्ट (बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन) की बसें और मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहीं। बीएमसी के मुताबिक, नरीमन प्वाइंट में सबसे ज्यादा 252 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई (25 मई रात 10 बजे से 26 मई सुबह 11 बजे के बीच)। इसके बाद बीएमसी मुख्यालय में 216 मिलीमीटर और कोलाबा पंपिंग स्टेशन में 207 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आज सुबह आठ बजे तक (बीते चौबीस घंटे में) द्विपीय मुंबई में औसतन 106 मिलीमीटर, पश्चिम उपनगर में 72 मिलीमीटर और पूर्वी उपनगर में 63 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 24 घंटे में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

## पीएम 31 मई को देंगे इंदौर मेट्रो की सौगात

**भोपाल।** भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक नये युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 31 मई, 2025 को भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा येलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है। इसमें पाँच स्टेशन गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर ट्रैफिक और प्रदूषण कम करेगा, साथ ही यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेगा। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

## देश में कोरोना से 11 की मौत, 1047 एक्टिव केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डॉ राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं।

जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई।

## भारत में बनेगा 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम के क्रियान्वयन को मंजूरी दी है। इससे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताएं बढ़ेंगी और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कार्यालय ने बताया कि एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस कार्यक्रम को उद्योगों के साथ साझेदारी के जरिए लागू करने वाली है। यह कदम भारत की स्वदेशी विशेषज्ञता, क्षमता और संसाधनों का उपयोग करके एएमसीए प्रोटोटाइप विकसित





करने की दिशा में मील का पत्थर है। इससे एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

एएमससीए परियोजना में एक एक मध्यम वजन का गहराई तक हमला करने वाले लड़ाकू विमान का निर्माण होगा। इसमें उन्नत रडार से बचने की तकनीक होगी, जिससे देश की हवाई ताकत को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सुरक्षा समिति ने पिछले साल इस लड़ाकू विमान परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। इस परियोजना की शुरुआती विकास लागत करीब 15,000 करोड़ रुपये आंकी गई है। भारतीय वायु सेना इस परियोजना को अपने दीर्घकालिक जरूरतों को देखते हुए लगातार आगे बढ़ाने की मांग कर रही है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस की सफलता के भारत का आत्मविश्वास अब एएमसीए जैसे उन्नत लड़ाकू विमान को विकसित करने में भी काफी बढ़ गया है। इसे एडीए कार्यक्रम के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। एएमसीए के विकास चरण की जल्द ही शुरुआत होगी, जिसके लिए एक्सप्रेसन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया जाएगा। इसके तहत देश की कंपनियां इसमें भाग लेंगी। इसमें कंपनी अकेले या किसी दूसरी कंपनी के साथ मिलकर बोली लगा सकेगी।

इसमें केवल वहीं कंपनियां शामिल हो सकेंगी, जो भारत के कानून और नियमों का पालन करती हों। सार्वजनिक या निजी क्षेत्र दोनों से बोली लगा सकेंगे। इसका मतलब यह है कि भारत को विदेशी लड़ाकू विमानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। एयरोस्पेस उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही घरेलू कंपनियों को अत्याधुनिक तकनीक पर काम करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इंजीनियरिंग और तकनीकी से जुड़ी हजारों नौकरियां आएंगी। यही नहीं देश भविष्य में खुद के लड़ाकू विमानों की अन्य देशों को बिक्री करने की स्थिति में भी आ सकेगा।

# चाचा नेहरू पार्क में स्थापित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का विधानसभा अध्यक्ष ने किया अनावरण



**सिंगरौली।** हम सभी के लिए गौरव की बात है कि हम स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति का अनावरण कर उनका स्मरण कर रहे। हमारा देश राजा-महाराजो का देश रहा है, फिर भी हमने उनके सद्कर्मों एवं उनके सद्गुणों की पूजा की है । हमें हमेशा उन्हें एवं उनके सद्कर्मों का स्मरण करना चाहिए है। साथ ही उनके सद्गुणों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए है। स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तिव की पूरी दुनिया प्रशंसा करती है एवं उनके कर्मों से प्रेरणा लेती है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिमा की स्थापना महज एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उनके जीवन से प्रेरणा पाने का एक अवसर है। उन्होंने प्रशासन एवं जनता से अपील करते हुये कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जन्म एवं पूर्णिया तिथि को एक बड़ी अवसर की तरह मनाए, ताकि समाज को उनके जीवन को जानने एवं उससे सीख लेने का अवसर मिले। श्री तोमर ने कहा कि शिकागो के धर्म सम्मेलन में विवेकानंद जी द्वारा रखे गए हिंदुत्व जीवन के विचारों से नव जवानों को प्रेरणा लेने चाहिए और उनके विचारधारा पर चलकर इस देश को 2047 तक विकसित भारत बनने की पहल में अपना संपूर्ण योगदान देना चाहिए। नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 40 में स्थित सर्किट हाउस चौराहा के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य अतिथि में एवं राज्यमंत्री राधा सिंह, विशिष्ट अतिथि में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चन कर स्वामी विवेकानंद जी के मूर्ति का अनावरण किया गया ।

अनावरण समारोह के दौरान राज्यमंत्री राधा सिंह एवं सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह सहित महापौर रानी अग्रवाल ने अपने-अपने उद्बोधनों में स्वामी विवेकानंद जी के उपदेशों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान ननि आयुक्त डीके शर्मा, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, पूर्व उपाध्यक्ष प्राधिकरण नरेश शाह, पार्षद सीमा जायसवाल, भारतेंदु पाण्डेय सहित मेयर इन काउंसिल के सदस्य एवं पार्षद गण वरिष्ठ समाज सेवी गण मौजूद रहे।

## मेगा समर कैंप से 4500 से अधिक युवाओं की प्रतिभा को मिल रही नई उड़ान

**सिंगरौली।** एनसीएल द्वारा आयोजित मेगा समर कैंप आरोहण का छठा संस्करण उमंग और उल्लास के साथ चल रहा है। एक माह की अवधि तक चलने वाले आरोहण कैंप में 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को नयी दिशा मिल रही है।

एनसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों और इकाइयों में आरोहण का भव्य आयोजन हो रहा है, जिसमें 4500 से अधिक प्रतिभागियों को 138 कुशल प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के दौरान बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबिल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबॉल, क्रिकेट, नृत्य, संगीत, पेंटिंग, स्विमिंग, बॉक्सिंग, स्केटिंग सहित विभिन्न विधाओं में निपुण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था भी की गई है। एनसीएल द्वारा आयोजित आरोहण समर कैंप स्थानीय क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को डिजिटल गैजेट्स की दुनिया से दूर लाकर खेल, कला और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर कर रहा है।

# जियावन थाने में पदस्थ एएसआई तेज बहादुर पर लग रहे गंभीर आरोप

### एक पिकअप पलटने के मामले में आरोपी को बचाने दबा दी एक्स-रे सहित अन्य मेडिकल रिपोर्ट पीड़ित ने की एसडीओपी देवसर से शिकायत

**सिंगरौली।** जियावान थाने में पदस्थ एएसआई तेज बहादुर सिंह पर एक पिकअप पलटने के मामले में आरोपी को बचाने का आरोप लगाया जा रहा है।

दरअसल घटना करीब डेढ़ वर्ष पूर्व की है। बताया जाता है कि उ.प्र. राज्य से कुछ मजदूर पिकअप पर सवार होकर जियावन थाना क्षेत्र के पुरवा गांव अपने घर जा रहे थे, तभी देवगवां के पास पिकअप वाहन पलट गया, जिसमें सवार करीब आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोटें आई थी, घटना कि प्राथमिकी जियावन थाने में दर्ज करने के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था। अब पीड़ितों का आरोप है कि विवेचना अधिकारी तेज बहादुर सिंह ने आरोपी को बचाने के चक्कर में न्यायालय को चालान पेश करने में हिलाहवाली की गई। बताया गया कि कई पीड़ितों को गंभीर छोट लगी थी, शरीर के अंग फैक्चर भी हुए थे, लेकिन मामूली चोट बताकर आरोपी को बचाने की कहानी गढ़ दी गई। जियावन थाना क्षेत्र के पुरवा निवासी राम सियामन कोल ने एसडीओपी देवसर से इस पूरे मामले की शिकायत की है।

### यह है मामला

घटना के संबंध में पुरवा निवासी पीड़ित राम सियामन ने बताया कि मेरे अलावा अन्य कुछ मजदूर धान की कटाई करने उ.प्र. राज्य के सोनभद्र जिले में गए थे, जहां 9 जनवरी 2024 को 8 बजे रात ग्राम तरावा जिला सोनभद्र से एक पिकअप वाहन में सवार होकर मजदूर मीरा देवी, इन्द्रकली, रानी देवी, बुटरनिया, विनोद कोल, मनीष तेजबली अपने गांव पुरवा जा रहे थे। करीब 1:30 बजे रात देवगवां नहर में पिकअप क्रमांक यूपी 64 एटी 5619 का चालक तेज रफ्तार की बजह से पलटा दिया घटना में सभी लोगों को गंभीर चोट लगी थी

### गंभीर रूप से घायल हुए थे मजदूर

इस हादसे में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनका उपचार सिंगरौली हॉस्पिटल में भी चला था। पीड़ित के अनुसार घायलों का सिंगरौली हॉस्पिटल में भी चार दिन तक इलाज चला था, हादसे में मीरा देवी, इन्द्रकली, तेजबली, दीपक कोल के हाथ-पैर फैक्चर हो गए थे तथा मजदूर विनोद कोल के सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिस वजह से दिमाग की हालत अभी भी ठीक नहीं है

पीड़ित राम सियामन ने एसडीओ देवसर को दिए गए शिकायत पत्र में बताया है कि विवेचना अधिकारी तेज बहादुर सिंह ने एक्स-रे रिपोर्ट सहित अन्य मेडिकल रिपोर्ट शामिल नहीं किया है। जिस वजह से आरोपी पिकअप चालक एवं मलिक दोनों के खिलाफ गंभीर धाराएं नहीं लगी हैं तथा पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है

# जेई नहीं उठाते फोन, क्षेत्र से बाहर निवास होने से लाईनमैन की कार्यशैली गैर जिम्मेदाराना

### सब स्टेशन से सही जानकारी नहीं मिलने से जनता में बढ़ रहा रोष

**सिंगरौली।** शक्तिनगर परिक्षेत्र के कोटा खड़िया सबस्टेशन का हाल अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी हो गई है। छोटी से छोटी बिजली फाल्ट को भी बड़ी समस्या बनाने में यहां के बिजली कर्मचारी महारत हासिल कर चुके हैं। बीते सोमवार की रात को बाधित हुई बिजली आपूर्ति 16 घंटे बीत जाने के बाद भी बहस नहीं हो सकी। उमसभरी गर्मी में बिलबिलाती जनता स्थानीय अवर अभियंता को विद्युत बल होने के स्टेटस जानने के लिए कॉल करती रही, लेकिन जेई ने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं कोटा सबस्टेशन से रात्रि 8 बजे से लेकर एक बजे तक आश्वासन मिलता रहा की एक घंटे में विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी, फाल्ट मिल गया है।

उमसभरी गर्मी जब बर्दाश्त के बाहर हो गई तो परेशान दर्जनों लोग कोटा सबस्टेशन पहुंचकर नाराजगी जताते हुए स्थानीय अवर अभियंता से बात कराने पर अड़ गए। सबस्टेशन कर्मचारी गेट के अंदर से ही बात करने पर बताया कि हम वही जानकारी देते हैं जो लाइनमैन हमें उपलब्ध कराते हैं। कोटा सब स्टेशन गांव वालों के साथ पहुंचे रहवासी प्रदीप गुप्ता और विमल त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय अवर अभियंता के फोन नहीं उठाने के कारण हम लोगों ने स्वयं विधुत फाल्ट पॉइंट पर देर रात्रि एक बजे जाकर देखा तो विद्युत बहाल करने के लिए कोई भी कर्मचारी मौके पर नजर नहीं आया। रात्रि में ही अंबेडकर नगर निवासी रंजीत राय ने ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति ठप होने की सूचना देते हुए स्थानीय बिजली कर्मचारी के लापरवाही भरे रवैए की शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के ट्विटर हैंडल से सोनभद्र के बिजली विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए निर्देशित किया गया।

## स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गांधी फेलो अक्षय कुमार भगत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

**सिंगरौली।** चितरंगी विकासखंड में पिरामल फाउंडेशन के अंतर्गत कार्यरत अक्षय कुमार भगत को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए जनपद पंचायत, चितरंगी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋषिनारायण सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें उनके द्वारा समुदाय में किए गए सक्रिय हस्तक्षेपों, लगातार प्रयासों और विकासोन्मुख पहल को सराहा गया। अक्षय कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाने, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रभावी भूमिका निभाई। उनके कार्यों से स्थानीय स्तर पर ठोस बदलाव देखने को मिले हैं।

# चितरंगी पुलिस ने दो अवैध शराब कारोबारी को पकड़ा, पैसे लेकर छोड़ दिया!

### सुनियोजित तरीके से पकड़ने और छोड़ने का चल रहा खेल, पुलिस की खराब हो रही छवि

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना पुलिस पर दो अवैध शराब और कारोबारियों को पहले पकड़ने और फिर छोड़ देने की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। हालांकि पुलिस पर इस तरह के आरोप कोई पहली बार नहीं, इसके पहले भी अवैध रेत के कारोबार में लगे वाहन और जेसीबी को पकड़ने और फिर पैसे लेकर छोड़ने के आरोप लग चुके हैं। पकड़ने और छोड़ने के इस खेल से आम लोगों में पुलिस की छवि भी खराब हो रही।




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चितरंगी पुलिस ने बीते सोमवार को चिकनी गांव पहुंची, जहां संजय जायसवाल के यहां लहान पकड़ा, फिर उसे पुलिस कार्यवाही और जेल का डर दिखाया। इसके बाद पुलिस 1 लाख देने का दबाव बना रही थी, लेकिन बाद में 40 हजार में बात बन गई। वही एक दूसरे मामले में खैरा गांव में नीरू केवट के यहां पुलिस ने देशी शराब पकड़ने गई थी, उसके पास भी भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई। जिसके बाद पुलिस कार्यवाही न करने के एवज में वरिष्ठ अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर एक लाख रुपए देने का दबाव बनाया। जहां 70 हजार रुपए लेकर उसे भी छोड़ दिया। सूत्रों का दावा है कि पकड़ने और छोड़ने के सुनियोजित खेल में प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत पाण्डेय का नाम सबसे ऊपर आता है। कहते हैं कि यह इस काम में इतने माहिर है कि मजाल क्या कि इन्हें कोई पकड़ पाए। यह अपराधियों से दो कदम आगे की सोचते हैं।

### सुनियोजित रहता है सिस्टम का खेल

सूत्रों का दावा है कि नए थाना प्रभारी आने के बाद यहां रेत का कारोबार पूरी तरह से बंद है। पुलिस ढूंढ-ढूंढ कर रेत कारोबारी को पड़ती है। इस बीच सुनियोजित तरीके से पूरा सिस्टम पकड़ने और फिर छोड़ने का खेल होता है। दावा तो यह भी है कि अवैध रेत में पकड़े गए ट्रैक्टरों को राजसात करने का डर दिखाकर एक से दो लाख रुपए लेकर छोड़े हैं। जबकि जेसीबी को छोड़ने के लिए पांच लाख रुपए में बात बनीं।

# फिल्टर पानी से बेहतर स्वास्थ्य रहेगा: संजय

**सिंगरौली।** म.प्र. जल निगम अंतर्गत एक दिवसीय लेखा संधारण प्रशिक्षण का आयोजन गोंड देवसर ग्रामीण समूह जल प्रदाय क्रियान्वयन इकाई म.प्र. जल निगम मर्यादित महाप्रबंधक पंकज वाधवानी के निर्देशन और प्रबंधक जन सहभागिता विजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आज 27 मई को एक दिवसीय लेखा संधारण प्रशिक्षण का आयोजन एसडीएम सभागार देवसर में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यक्रम अधिकारी जपं देवसर संजय तिवारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष पुष्माला एवं दीप पज्वलन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर उपस्थित लोगों को जल जीवन मिशन की जानकारी देकर अपने क्षेत्र में योजना को सफल और बेहतर प्रबंधन के लिए सुझाव दिए। जल मिशन से प्राप्त होने वाले फिल्टर पानी से बेहतर स्वस्थ्य रहेगा। जिसके संचालन, संधारण और रखरखाव के लिए सरपंच और सचिव की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया। पानी के उचित प्रयोग करने, वर्षा जल संचयन आदि विषय पर जानकारी प्राप्त करवा कर प्रशिक्षण में समिति के अध्यक्ष और सचिव, ग्राम पंचायतो के सचिव और सरपंच ने उक्त प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

# एनटीपीसी सिंगरौली तारापुर राख बांध से हो रहे ट्रांसपोर्टिंग से ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार

### राख प्रदूषण से परसवार राजा एवं भैरवा के ग्रामीणों का बुरा हाल

**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना राख बांध से प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक एवं बल्कर के माध्यम से राख ट्रांसपोर्टिंग कर अन्यत्र ले जाया जाता है। राख लोडिंग करते समय समीप ग्राम सभा परसवार राजा एवं भैरवा गांव संपूर्ण रूप से राख से उड़ने वाली धूल से भर जाता है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। राख से होने वाले प्रदूषण और धूल से ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार पड़ रहे हैं। परियोजना एवं राख ट्रांसपोर्टर मानकों के विरुद्ध लोडिंग का कार्य किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में परियोजना प्रबंधन को ग्रामीणों द्वारा कई बार अवगत कराया जा चुका है, पर प्रबंधन अनसुना कर देता है। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया है कि अगर जल्द इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो राख लोडिंग का कार्य जिला प्रशासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से बंद कराया जाएगा।


कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सीधी (म0प्र0)

क्रमांक-पुअ/सीधी/रनि/ 3229 /2025 दिनांक 26/05/2025

खुली निविदा विज्ञप्ति

वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जिला सीधी मे विभिन्न थानो मे शासकीय उपयोग हेतु मासिक किराये पर हल्के वाणिज्यिक परिवहन वाहन (बोलेरो संख्या 09) लिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफो में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 05/06/2025 को समय 16:30 बजे तक है। फर्मो द्वारा प्राप्त निविदाए दिनांक 05/06/2025 को सायं 17:00 बजे गठित कमेटी के समक्ष पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा उपस्थित फर्मो के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

//खुली निविदा की शर्तें//

1. उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन वाणिज्यिक परिवहन यान के रूप में दर्ज होने चाहिये तथा संबंधित ट्रेवल एजेंसी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कार्यालय में पंजीयन होना आवश्यक है।
2. वाहनो की स्थिति व रख रखाव उत्तम श्रेणी का हो तथा पॉच वर्षो से पुराना वाहन किराये पर नही लिया जाऐगा। आवश्यकता के अनुरूप राष्ट्रीय ध्वज/डेंजर लाईट/सीट कव्हर आदि प्रदाय करने होगे।
3. वाहन प्रदाता मय चालक के वाहन उपलब्ध करायेगा। वाहन चालक के पास नियमानुसार वैध कमर्शियल ड्रायविंग लायसेंस होना आवश्यक है तथा वाहन चालक आपराधिक चरित्र का व्यक्ति न हो। वाहन चालक का वेतन/भत्ता एवं अन्य खर्चे जिसमें चालक का दैनिक एवं यात्रा भत्ता शामिल हो, वाहन प्रदाता वहन करेगा।
4. वाहन प्रदाता वाहन की मासिक स्थायी दर 1500 किमी0 के लिये प्रस्तुत करे तथा 1500 किमी0 से अधिक दूरी के लिये प्रति किमी0 की दर प्रस्तुत करते हुये पृथक-पृथक दर लिखकर निविदा प्रस्तुत करें।
5. वाहन प्रदायकर्ता फर्म उक्त दरों मे पीओएल0 को सम्मिलित कर वाहन किराया दर प्रस्तुत करेंगें।
6. वाहन चालक को वाहन के पंजीकरण, बीमा, फिटनेस, फास्टैग (टोल टैक्स सर्टिफिकेट) एवं लायसेंस संबंधी आवश्यक अभिलेख वाहन में साथ में रखना अनिवार्य होगा। वाहन संबंधित सभी भुगतान पूर्ण होना चाहिये।
7. वाहन में हुई किसी तकनीकी खराबी होने के कारण यदि आवश्यकतानुसार वाहन का उपयोग करने में बाधा आती है तो वाहन प्रदाता को अन्य वाहन की व्यवस्था करना होगा।
8. मार्ग मे वाहन खराब होने की स्थिति में वाहन खराब होने के स्थान से गैरेज तक लाने का दायित्व वाहन प्रदाता का होगा।
9. वाहन संधारण, वाहन मे होने वाली टूट-फूट, बैटरी, टायर-ट्यूब आदि के व्यय की संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदायकर्ता की होगी।
10. वाहन मे स्टेपनी, टायर-ट्यूब एवं माईलोमीटर चालू एवं उत्तम हालत होने की जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी ।
11. वाहन दुर्घटना की स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी , वह उसके लिये पूर्ण उत्तरदायी होगा एवं समस्त खर्चे वहन करेगा।
12. वाहन चालक द्वारा उपयोगकर्ता अधिकारी व वाहन प्रभारी से प्रतिदिन मीटर रीडिंग के अनुसार की गई यात्रा का प्रमाणीकरण लागबुक से कराना होगा तथा इसकी प्रतिलिपि देयक के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. संबंधित ट्रेवल एजेन्सी देयको के भुगतान हेतु देयक प्रतिमाह की 05 तारीख को रक्षित केंद्र वाहन शाखा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, ताकि समय पर देयको का भुगतान किया जा सके।
14. वाहन के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद होने पर उसके निराकरण का उत्तरदायित्व वाहन प्रदाता का होगा एवं यदि कोई वैधानिक क्षतिपूर्ति माननीय न्यायालय द्वारा किसी स्थिति में निर्धारित की जाती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वाहन प्रदाता की होगी ।
15. उपरोक्त समस्त शर्तो के संशय/विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस अधीक्षक सीधी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

जी-13476/25

पुलिस अधीक्षक
जिला-सीधी ( म.प्र. )


# एलआईजी तिराहा देवरा मोड़ पर युवक का मिला शव

### एनसीएल कर्मी का था पुत्र, बाईक में सवार था युवक, दुर्घटना की आशंका

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी एलआईजी तिराहा देवरा-गनियारी मार्ग के सड़क किनारे आज दिन मंगलवार की अल सुबह करीब 5 बजे एक एनसीएल कर्मी के पुत्र का खून से लथपथ मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही टीआई के निर्देश पर उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय हमराह के साथ घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। प्रथम दृष्टिया में मौत का कारण सड़क हादसा माना जा रहा है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज दिन मंगलवार की अल सुबह सूचना मिली कि देवरा मोड़ सड़क के किनारे बबुल पेड़ के पास एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 जेडडी 3638 और एक युवक खून से लथपथ संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ है।

इस सूचना के आधार पर पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल शुरू करते हुये सिनाख्त कराया। जिसमें पता चला कि विक्रम सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी मऊगंज उम्र 30 वर्ष हाल निवासी एनसीएल परियोजना दुद्धिचुआ का है। मृतक एनसीएलकर्मी का पुत्र संभवतः किसी काम से आया था और अनियंत्रित मोटरसाइकिल बबुल के पेड़ से टकरा गई। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

## नौडिहवा पुलिस ने एक नाबालिक को जयपुर से किया दस्तयाब

**सिंगरौली।** नौडिहवा पुलिस चौकी क्षेत्र के तमई गांव से लापता एक नाबालिक किशोरी को राजस्थान प्रांत के जयपुर जिले से बरामद करने में सफल रही है। चौकी प्रभारी ने किशोरी को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

नौडिहवा चौकी प्रभारी मनोज सिंह चौहान से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी रामलाल पिता अवधराज (काल्पनिक नाम) निवासी तमई पुलिस चौकी नौडिहवा का चौकी उपस्थित आकर एक लिखित हस्ताक्षरित आवेदन पत्र इस आशय का पेश किया कि मेरी लड़की 21 अप्रैल को घर से बिना बताये कही चली गयी है। जिसकी काफी पता-तलाश करने पर कही पता नही चल रहा है। उपरोक्त आवेदन पत्र से थाना गढ़वा में धारा 137 (2)बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के अपहृता लड़की का पता जयपुर राजस्थान में होना पाया गया। जहां चौकी प्रभारी ने टीम गठित कर जयपुर, राजस्थान रवाना होकर अपहृता लड़की की पता तलाश कर काफी मेहनत व मशक्कत के बाद बीते 25 मई को नाहरगण, जिला-जयपुर राजस्थान से दस्तयाब किया गया तथा अपहृता के परिजनो साथ वापस चौकी लाकर सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया।

# विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे होटल द ग्रांड अगस्ता



**सिंगरौली।** दो दिवसीय प्रवास पर आए म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जिला मुख्यालय माजन मोड़ बैढ़न स्थित होटल द ग्रांड अगस्ता पहुंचे, जहां पर होटल संचालक राकेश अहलावत ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया। वहीं पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा होटल का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई एवं बेहतरीन व्यवस्था की सराहना की। श्री तोमर ने होटल संचालन की गतिविधियों की जानकारी हासिल करते हुए संचालक मंडल को शुभकामनाएं दीं। उक्त अवसर पर राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, एसडीएम सृजन वर्मा, सीएसपी पीएस परस्ते, तहसीलदार सविता यादव, अशोक पूनिया, विजय अहलावत, कामतानाथ केसरवानी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार मौजूद रहे।

# बाइक सवारों के हमले से ट्रेलर पलटा, ड्राइवर घायल

## टोल प्लाजा से बचने अंदर के मार्ग से आ रहा था ट्रेलर , ट्रेलर के पलटने से सडक़ में बिखरी सीमेंट की बोरियां



**सीघी।** शहर के जमोड़ी चौराहा में आज टोल प्लाजा से बचकर अंदर के मार्ग से आ रहे सीमेंट से लोड ट्रेलर के ड्राइवर पर बाइक सवारों के हमला करने से अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट गया। बाइक सवारों के हमले में ड्राइवर का एक हांथ गंभीर रूप से चोंटिल हो गया है। ट्रेलर के पलटते ही बाइक सवार हमलावर आनन-फानन मौके पर से भाग खड़े हुए। मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट से लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएन 4963 आज सोनवर्षा टोल प्लाजा के टैक्स से बचने के लिए तेंदुआ से प्रधानमंत्री सडक़ मार्ग से ग्राम करगिल, अमरवाह होते हुए सीधी आ रहा था। अमरवाह रेलवे के समीप विद्युत लाइन का सर्विस तार ट्रेलर की चपेट में आकर टूट जाने से अज्ञात लोगों ने बाइक में सवार होकर पीछा किया। दहशत के कारण ट्रेलर ड्राइवर राजबहादुर यादव निवासी ग्राम पोखरा जिला सीधी रुकने की बजाय तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। जमोड़ी चौराहा मुख्य मार्ग में आते ही बाइक सवारों ने साइड में आकर ट्रेलर ड्राइवर के हांथ में डंडा से कई प्रहार किए। जिसके चलते ड्राइवर का हांथ लहूलुहान हो गया और स्टेरिंग पर से वह अपना नियंत्रण खो बैठा। दोपहर करीब 12 बजे अनियंत्रित ट्रेलर के पलटते ही बाइक सवार हमलावर भी भाग खड़े हुए। सूचना मिलने पर जमोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ट्रेलर ड्राइवर को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रेलर के केबिन में घटना के दौरान ड्राइवर की औरत और बच्चे भी मौजूद थे। गनीमत यह रही कि ट्रेलर के पलटने से इनको कोई चोंटे नहीं आई। बताया गया है कि ड्राइवर की औरत और बच्चे कहीं धार्मिक स्थल में पूजा-अर्चना करने के लिए गए थे और वापस अपने गृह ग्राम की ओर ट्रेलर में सवार होकर आ रहे थे।

### सोनवर्षा टोल प्लाजा में गुंडागर्दी चरम पर

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में जिला मुख्यालय के समीपी सोनवर्षा टोल प्लाजा में मालवाहकों से मनमानी वसूली को लेकर गुंडागर्दी चरम पर है। मनमानी टोल टैक्स देने से बचने के लिए काफी संख्या में मालवाहक अमरवाह, करगिल मार्ग से होते हुए निकलते हैं। लेकिन उक्त मार्ग में भी टोल प्लाजा के गुर्गे जगह-जगह तैनात हैं और उनके द्वारा भी अवैध वसूली की जाती है। बताया गया है कि रात में सबसे ज्यादा रेत से लोड हाइवा निकलते हैं और इनसे भी मनमानी वसूली की जाती है। टोल प्लाजा के बेजा टैक्स से बचने के लिए घटना का शिकार हुआ सीमेंट से लोड ट्रेलर को भी ड्राइवर द्वारा निकालने का प्रयास किया जा रहा था। किंतु वह हमलावरों की चपेट में आकर जहां धायल हुआ वहीं ट्रेलर की पलटने से काफी क्षति हुई।

### इनका कहना है

*सीमेंट से लोड ट्रेलर वाहन के पलटने की घटना की विवेचना की जा रही है। चोंटिल ड्राइवर को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।*

**दिव्यप्रकाश त्रिपाठी,**
**थाना प्रभारी जमोड़ी।**

# योजनाओं से वंचित बच्चों को तलाशने सर्वे जारी

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में गठित साथी यूनिट अंतर्गत शिक्षा के अधिकार, शाला त्यागी व निराश्रित बच्चों को चिन्हित करने के लिए सोमवार से जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है। यूनिट सड़कों या बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले उन बच्चों की पहचान करेगी, जिनके पास आधार नहीं है। ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण और कल्याणकारी योजनाओं में जो?ने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने बताया सदस्यों को तत्काल कदम उठाने व निर्धारित समय सीमा के अनुसार मिशन मोड में काम करने को कहा है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 150 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 150 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# शांति समिति की बैठक 2 जून को

**सीधी।** डिप्टी कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि दिनांक 07.06.2025 को ईदुज्जुहा एवं दिनांक 06.07.2025 को मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाये जाने के संबंध में दिनांक 02.06.2025 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी संबंधितों को सूचित किया है कि नियत तिथि एवं दिनांक पर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# डीसीए बी ने चार विकेट से जीता मैच



**सीधी।** छत्रसाल स्टेडियम में जिला क्रिकेट संघ सीधी द्वारा डीसीए ए और डीसीए बी के बीच खेले गए मैच में सर्वप्रथम मैच की शुरुआत होने से पहले इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ अनूप मिश्रा,अध्यक्षता डीसीए के सचिव उपेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कौशलेंद्र सिंह,चंदन मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उसके बाद टॉस कराया डीसीए ए के कप्तान हिमांशु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, डीएस ए ने अपनी पहली पारी में निर्धारित 25 ओवर में 151 रन बनाकर ऑल आउट हो गई डीसीए ए के तरफ से हिमांशु ने 25 रन, कार्तिकेय ने 21 रन बनाए डीसीए बी की तरफ से दिव्यांश ने 4 विकेट, सारांश ने 4 विकेट लिए एवं डीसीए बी की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया और यह मैच अपने नाम किया डीसीए बी की तरफ से अभिजीत सोनी ने 73 रन एवं सारांश सिंह ने 33 रनों की शानदार पारी खेलकर अपने टीम को मैच जिताया, डीसीए ए के तरफ से अथर्व ने 3 विकेट एवं हर्ष गुप्ता ने 1 विकेट लिए,इसमैच के निर्णायक बृजेश सोंधिया एवं शिवम शुक्ला रहे इस मैच के मैन ऑफ द मैच सारांश सिंह रहे सारांश ने ऑल राउंडर प्रदर्शन करते हुए 33 रन एवं चार विकेट लिए।

# वूमेन फॉर ट्री पौधरोपण अभियान के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को स्थल भ्रमण कराया गया



**सीधी।** नगरीय क्षेत्र में हरित क्षेत्र का विस्तार पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना पर्यावरण एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करने एवं महिला स्व सहायता समूह को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक पौधा रोपण अभियान चलाये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं। प्रदेश के समस्त निकायों को अभियान पूर्व समस्त तैयारी करते हुए अभियान के दौरान जल संरचनाओं के आसपास कैचमेंट एरिया, हरित क्षेत्र, पार्क, विभिन्न शासकीय संस्थाओं, विद्यालय, महाविद्यालय, जल शोधन संयंत्र के परिसर तथा उपलब्ध रिक्त शासकीय भूमि स्थल चयनित कर/भूमि विवादित न हो इस तथ्य को ध्यान रखते नगरीय निकाय के अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर भूमि चयनित करने एवं चयनित भूमि पर अमृत 2.0 एवं डे एनयूएलएम के कन्वर्जेंस के माध्यम से वूमेन फॉर ट्री पौधारोपण अभियान चलाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद सीधी अंतर्गत कुल तीन स्थलों का चयन किया गया जिसमें अमहा (खुर्द) तालाब, संजय गांधी परिसर में नवीन पार्क एवं मेघदूत पार्क में पौधरोपण का अभियान चलाया जाना है। इसी क्रम में स्व सहायता समूहों को दिनांक 5 जून से होने वाले पौधरोपण के पूर्व साइट विजिट करवाया गया, जिसमें नगर पालिका सीधी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, उपयंत्री बी के तिवारी, पीडीएमसी इंजीनियर अंकित सिंह, सिटी मिशन मैनेजर संदीप मिश्रा, मनोज कुमार चौबे, सीओ दिलीप विश्वकर्मा सहित सुहानी, खुशी, छवि, राधे राधे, विष्णु, जिया, ड्रीम स्व सहायता समूहों के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# मड़वास महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में लोकव्यापी ''जनकल्याणी पर्व'' के तारतम्य में शासकीय महाविद्यालय म?वास में देवी अहिल्याबाई ''जीवन और दर्शन'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई छात्र/छात्राओ ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान पर छात्र पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता, द्वितीय स्थान पर सांवली सेन एवं तृतीय स्थान पर प्राची गुप्ता रही। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. आकांक्षा मिश्रा और डॉ. निशा सिंह थी। भाषण प्रतियोगिता में कार्यक्रम संयोजक डॉ. दीपक अग्निहोत्री, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. ज्योति रजक, डॉ. कमलेश जायसवाल, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ पंकज मिश्रा डॉ. रामधारी जायसवाल, प्रो. प्रवीण कुमार, प्रो.बाबा हरिनन्द, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राए उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर जन कल्याण पर्व का आयोजन प्रारम्भ



सीधी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज दिनांक 27 मई 2025 से संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर ''जन कल्याण पर्व'' के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के निर्देशन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. विनोद कुमार साकेत ने किया। उन्होंने मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र का उल्लेख करते हुए छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि आज से शुरू होकर तीन दिवसीय प्रतियोगिता जिसमें निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष ने लोकमाता देवी अहिल्या बाई के जीवन के कारुणिक घटनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि अपने जीवन के अत्यंत विकट परिस्थितियों के बावजूद वे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्वयं को स्थापित किया।

प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि ऐसे आयोजनो में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिए। आज तथा आगामी दिवसों में होने वाली प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा किए गए कार्यों एवं उनके आदर्शों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करें। ऐसे आयोजन में भाग लेने से सभी को बहुत सारी सीख मिलती हैं तथा जीवन को सुमार्ग की तरफ अग्रसर करने की सीख प्राप्त होती है। सभी को ऐसे आयोजनों में अवश्य भाग लेना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय मझौली में लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन

## लोक माता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन एक सशक्त नारी के आदर्श नेतृत्व का प्रतीक : भारती



**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली जिला सीधी में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के अनुपालन एवं प्राचार्य डॉ गीता भारती के मार्गदर्शन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर उनके ''जीवन और दर्शन'' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी, भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में उनका अतुलनीय योगदान रहा। उनका महिला सशक्तिकरण सशक्त नारी के आदर्श नेतृत्व को दर्शाता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर बी एल सिंह अयाम द्वारा किया गया।

# पीएम स्वनिधि योजना के सहयोग से अपने पैरों में खड़ी हुई राजकुमारी



**सीधी।** सीधी नगर के वार्ड क्रमांक एक की श्रीमती राजकुमारी जायसवाल की पहचान एक सफल व्यवसायी के रूप में स्थापित है। वह क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। राजकुमारी बताती हैं कि आज तो मेरा व्यवसाय ठीक चल रहा है लेकिन कोरोना काल के दौरान मेरे पति जो ऑटो रिक्शा चला कर जीवन यापन का काम करते थे कोविड में चारों तरफ बंद के कारण घर का चलना बहुत मुश्किल हो गया। राजकुमारी बताती है कि इस संकट के समय में उन्हें शासन के द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में पता चला जिसके बाद नगर पालिका सीधी के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना में पंजीयन करा कर शुरुआत में सर्वप्रथम सिलाई कार्य हेतु 10 हजार रुपये का ब्याजमुक्त लोन लिया। उसे समय से वापस करने के बाद 20 हजार और इसे वापस करने के बाद आज 50 हजार रुपये का लोन चल रहा है। इस लोन के माध्यम से उन्होंने स्वयं की सिलाई की मशीन लेकर पीको फॉल, अस्तर, पेटिकोट सिलाई के साथ साड़ी इत्यादि बेचने का भी काम अपने दुकान में कर रही हैं। शासन की इस योजना से उन्हें बहुत लाभ हुआ है और आज उनका व्यवसाय ठीक से चल रहा है।

राजकुमारी बताती हैं कि इसके साथ ही उन्हें शासन की अन्य योजनाओं खाद्यान्न, आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ मिला है। इस प्रकार की योजनाएं हम जैसे गरीबों के लिए बहुत ही मददगार है। इस योजना के लिए वह प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है।

# बीना जायसवाल में है कबाड़ को उपयोगी एवं सुंदर कलाकृति बनाने का हुनर

**सीधी।** श्रीमती बीना जायसवाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सीधी अंतर्गत संचालित योजना के तहत गठित स्व सहायता समूह ड्रीम स्व सहायता समूह की सदस्य हैं। आपके द्वारा नगर पालिका सीधी अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन कन्वर्जेंस के तहत विभिन्न गतिविधियों का सफलता पूर्वक आयोजन कर कार्य पूर्ण किया। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता जन जागरूकता, कबा? से जुगाड़, पेंटिंग इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से नगर के विभिन्न पार्कों में सन्दर्यीकरण कर कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से कृत्रिम पेड़ निर्माण, पुराने एवं बेकार पड़े मटकों के माध्यम से महिला एवं पुरुष की मूर्ति निर्माण करना, नगर के विभिन्न जनजागरूकता अभियानों में सक्रिय रहकर अपनी सहभागिता दी।

# कार में 200 शीशी नशीली सिरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

## 3 लाख 39 हजार का मशरुका जप्त



**सीधी।** मझौली पुलिस नें 200 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ लगभग 3 लाख 39 हजार रूपए कीमती मशरुका जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी मझौली सुश्री रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक दीपक बघेल के नेतृत्व में मझौली पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

पुलिस के अनुसार दिनांक 25 मई 2025 को थाना मझौली पुलिस द्वारा एक सूचना के आधार पर ग्राम चुवाही स्थित भीम ढाबा के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध ग्रे रंग की वैगनार कार को रोका गया, जिसमें सवार तीन व्यक्तियों के कब्जे से कुल 200 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप कीमत लगभग 39 हजार रुपए जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित गुप्ता पिता रमेश प्रसाद गुप्ता उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15, रजा मोहल्ला, थाना धनपुरी जिला शहडोल, अर्जुन बैश पिता रामकैलाश बैश उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम ताला थाना मझौली, जिला सीधी एवं प्रशांत नामदेव पिता स्व. रमेश नामदेव उम्र 21 वर्ष निवासी मिश्रा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 थाना कोतवाली जिला सीधी शामिल हैं। तलाशी के दौरान कार की बीच वाली सीट के नीचे पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 110 शीशी तथा आरोपी अर्जुन बैश की निशानदेही पर ग्राम ताला के पास पुल के नीचे से सफेद बोरी में 90 शीशी नशीली सिरप बरामद की गई। उक्त प्रकरण में मप्र ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 एवं एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/22 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सीधी भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मझौली उनि दीपक बघेल, सउनि कमलेश त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक शंकरराज सिंह, आरक्षक धीरेन्द्र बागरी, सोनू बंसल, प्रभात सिंह एवं दीप नारायण सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## संपादकीय

### सर्वोच्च न्यायालय का सवाल, कोटा में ही छात्र क्यों कर रहे हैं आत्महत्या?

राजस्थान के कोटा शहर में विद्यार्थियों की आत्महत्या अब इस कदर चिंता का कारण बन चुकी है कि सुप्रीम कोर्ट को भी इसमें दखल देना पड़ा है। यों कोटा में पढ़ाई के तनाव और दबाव के कारण खुदकुशी की लगातार घटनाओं पर पिछले कई वर्षों से सवाल उठते रहे हैं और इसका कोई ठोस समाधान खोजने पर बल दिया जाता रहा है, लेकिन यह समस्या और जटिल होती गई है। इस मसले पर न तो कोचिंग संस्थानों को अपनी नीति और तौर-तरीके बदलने की जरूरत महसूस हो रही है और न सरकार की कोई पहल कारगर हो पा रही है। कोचिंग संस्थान अपने मुनाफे के लिए इस समस्या की अनदेखी कर रहे हो सकते हैं, मगर सवाल है कि क्या सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती? सर्वोच्च न्यायालय ने राजस्थान सरकार के इसी रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा है कि एक राज्य के तौर पर आप क्या कर रहे हैं। अदालत ने यह भी पूछा कि छात्र कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं और क्या आपने इस पर कोई विचार किया है। दरअसल, एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यह पाया कि कोटा के एक छात्र के खुदकुशी कर लेने पर कोई प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई। यह समझना मुश्किल है कि कोटा में इंजीनियरिंग और चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटना के एक बड़ी समस्या का रूप ले लेने के बावजूद सरकार की नजर में यह इस हद तक अनदेखी करने लायक मसला क्यों है। यह छिपी बात नहीं है कि हर वर्ष कोटा के कोचिंग संस्थानों में सख्त नियम-कायदों, पढ़ाई के तनाव और अपने माता-पिता की महत्त्वाकांक्षाओं का दबाव कई विद्यार्थी नहीं झेल पाते और खुदकुशी कर लेते हैं। आखिर यह अलग से पढ़ाई का कैसा ढांचा है कि उसमें कई विद्यार्थी टूट जाते हैं? मामूली विफलता या इसके डर का स्रोत क्या है कि बच्चों के भीतर नया रास्ता खोजने का साहस नहीं पैदा हो पाता और जान दे देना उन्हें आसान लगता है। यह समस्या अब बेहद गंभीर हो चुकी है और इसके समाधान के लिए तत्काल बहुस्तरीय और ठोस पहल की जरूरत है।

**चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और उसकी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को अब पूरा यकीन है कि वे ताइवान की लोकतांत्रिक संस्कृति को खत्म करने के लिए युद्ध शुरू कर सकते हैं और इसमें उन्हें जीत हासिल होगी। लेकिन ताइवान में युद्ध शुरू करने का चीन का फैसला इस बात पर निर्भर करता है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप, यूरोप या फिर भारतीय उपमहाद्वीप में युद्धों को बढ़ावा दे सके। रिचर्ड डी फिशर, जो इंटरनेशनल एसेसमेंट एंड स्ट्रैटजी सेंटर के सीनियर फेलो हैं, उन्होंने ताइपे टाइम्स में आशंका जताई है कि चीन पूरे प्लान के साथ ऐसा कर रहा है और भविष्य में उसकी कोशिश पूर्वोत्तर भारत के राज्यों पर कब्जा करने की है। उन्होंने लिखा है कि चीन का यह कहना कि वह भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का समर्थन करता है, पाखंड से भरा लगता है। क्योंकि चीन की सैन्य और आर्थिक मदद से ही ऐसे संघर्ष संभव हो पाते हैं।**

# ताइवान पर कब्जे के बाद ड्रैगन का अगला लक्ष्य भारत, चेतावनी

(अभिजात शेखर आजाद)

रिचर्ड डी फिशर ने सवाल उठाए हैं कि 10 मई को ताइवान के विदेश मंत्रालय ने भारत के लिए एक मजबूत समर्थन बयान जारी किया था। इसमें कहा गया था कि वह भारत सरकार के साथ है, लेकिन भारत की तरफ से ताइवान के समर्थन में कोई कदम नहीं उठाया जाता है।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और उसकी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को अब पूरा यकीन है कि वे ताइवान की लोकतांत्रिक संस्कृति को खत्म करने के लिए युद्ध शुरू कर सकते हैं और इसमें उन्हें जीत हासिल होगी। लेकिन ताइवान में युद्ध शुरू करने का चीन का फैसला इस बात पर निर्भर करता है कि वह कोरियाई प्रायद्वीप, यूरोप या फिर भारतीय उपमहाद्वीप में युद्धों को बढ़ावा दे सके। रिचर्ड डी फिशर, जो इंटरनेशनल एसेसमेंट एंड स्ट्रैटजी सेंटर के सीनियर फेलो हैं, उन्होंने ताइपे टाइम्स में आशंका जताई है कि चीन पूरे प्लान के साथ ऐसा कर रहा है और भविष्य में उसकी कोशिश पूर्वोत्तर भारत के राज्यों पर कब्जा करने की है। उन्होंने लिखा है कि चीन का यह कहना कि वह भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का समर्थन करता है, पाखंड से भरा लगता है। क्योंकि चीन की सैन्य और आर्थिक मदद से ही ऐसे संघर्ष संभव हो पाते हैं।

उन्होंने लिखा है कि 2023 में चीन ने पाकिस्तान को करीब 20 जे-10सीई 4.5 पीढ़ी के लड़ाकू विमान दिए। इनमें 200 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली पीएल-15 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें थीं। जिनका भारतीय राफेल से मुकाबला हुआ था। इसके अलावा चीन ने पाकिस्तान के लिए 'किल चेन' नेटवर्क भी तैयार किया है, जिसमें डेटा लिंक और रडार नेटवर्क शामिल थे। उन्होंने भारतीय सूत्रों का हवाला देते हुए लिखा है कि चीन ने सीधे पाकिस्तान को खुफिया जानकारी भी दी, जिससे पाकिस्तान के जे-10सीई और पीएल 15 एएएम ने भारत के खिलाफ हमले किए।

भारत को झगड़े में उलझाना चाहता है चीन

रिचर्ड डी फिशर ने लिखा है कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम चीन की मदद से ही चल रहे हैं। पाकिस्तान का मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेड रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) वॉरहेड भी चीन की मदद से ही संभव हो पाया है। दिसंबर 2024 में पूर्ववर्ती बाइडेन प्रशासन के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने बताया था, कि पाकिस्तान अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें विकसित कर रहा है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। इसकी तकनीक चीन या उत्तरी कोरिया के रास्ते पाकिस्तान पहुंची होंगी। उन्होंने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अनुमानों के मुताबिक 170-170 परमाणु हथियार हैं।




इनसे पाकिस्तान के करीब 50 प्रमुख परमाणु, वायु और नौसैनिक ठिकानों और भारत के 70 से ज्यादा प्रमुख सैन्य ठिकानों पर हमला किया जा सकता है। इससे 20 से 125 मिलियन लोगों की मौत हो सकती है।

परमाणु युद्ध की स्थिति में भारत के पास चीन के खिलाफ खड़ा होने की क्षमता काफी कम हो जाएगी, जिससे चीन को अपनी एक लाख 20 हजार सैनिकों की टुकड़ी को भारतीय सीमा के पास से हटाने का मौका मिल जाएगा, जिसे ताइवान के पास तैनात किया जा सकता है। उन्होंने आशंका जताई है कि पीएलए अपनी 24 पीएलए ग्राउंड फोर्स कंबाइंड आर्मस ब्रिगेड को ताइवान पर आक्रमण या कब्जे के लिए भेज सकता है। प्रत्येक ब्रिगेड में औसतन 5,000 सैनिक होते हैं। ऐसे में ताइवान पर चीनी कब्जे का भयानक नतीजा ये निकल सकता है कि चीन का अगला कदम भारत के अरूणाचल प्रदेश पर हमला करना हो। अरूणाचल के बाद पीएलए असम और त्रिपुरा में भी घुसपैठ कर सकती है। इसके अलावा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी बांग्लादेश से समझौता कर हिंद महासागर में अड्डे बना सकती है। इससे सीसीपी बांग्लादेश और म्यांमार पर अपनी पकड़ और मजबूत कर लेगा। यह मलक्का जलडमरूमध्य का दक्षिणी हिस्सा बन जाएगा, जिससे सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया और फारस की खाड़ी और पूर्वोत्तर एशिया की अर्थव्यवस्थाओं पर और भी अधिक राजनीतिक-आर्थिक दबाव पड़ेगा।

ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन क्यों नहीं करता भारत?

रिचर्ड डी फिशर ने सवाल उठाए हैं कि 10 मई को ताइवान के विदेश मंत्रालय ने भारत के लिए एक मजबूत समर्थन बयान जारी किया था। इसमें कहा गया था कि वह भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा और उन आतंकवादी ताकतों से लड़ने के लिए उठाए गए सभी वैध और आवश्यक कदमों का मजबूती से समर्थन करता है जो सीमाओं को पार करके निर्दोष नागरिकों पर हमला करते हैं। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए भारत का समर्थन उस हद तक नहीं है, जिस हद तक पीएलए द्वारा ताइवान पर कब्जा करने से भारत के लिए नए खतरे पैदा हो जाएंगे। या यह उस हद तक भी नहीं है, जिस हद तक चीन ने पाकिस्तान को भारत के लिए एक परमाणु खतरा बना दिया है। उन्होंने कहा है कि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत, चीन की धोखेबाजी का बदला ताइवान को परमाणु हथियार देकर ले। लेकिन क्या भारत अपनी 800 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली ब्रह्मोस-सेकेण्ड सुपरसोनिक एंटीशिप मिसाइल को बेचने पर विचार कर सकता है, जैसा कि उसने फिलीपींस को कम दूरी वाली मिसाइलें बेची हैं?

उन्होंने कहा है कि चीन, लगातार पाकिस्तान की सेना को मजबूत कर रहा है। चीनी एयरफोर्स को अत्याधुनिक मिसाइलें और फाइटर जेट्स दे रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलें दे रहा है, लेकिन भारत या अमेरिका जैसे देश ताइवान की रक्षा में मदद के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। अमेरिका को भी रेथियॉन एआईएम-174 बी एएएम और लॉकहीड मार्टिन टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थॉड) या रेथियॉन एसएम-3 जैसी लंबी दूरी की मिसाइल इंटरसेप्टर की बिक्री पर विचार करना होगा। दूसरी तरफ अमेरिका की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के पास 427,000 सैनिक, 1,100 लड़ाकू विमान और कई मिसाइलें हैं, जिन्हें वह भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर सकता है। इसलिए, यह जरूरी है कि भारत और ताइवान दोनों सुरक्षित रहें। अगर ये दोनों देश कमजोर हो जाते हैं, तो चीन और भी ताकतवर हो जाएगा। इस लेख में रिचर्ड डी फिशर ने गंभीर चेतावनी है कि चीन, ताइवान पर हमला करने की योजना बना रहा है और अमेरिका को इस हमले को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। और भारत को भी ताइवान की मदद के लिए सामने आना चाहिए।

# भारत समृद्धि के लिख रहा नए आयाम, पाक आतंक के अड्डे तैयार करने में लगा

(अभिनय आकाश)

पहलगाम में हुए नरसंहार के तुरंत बाद पाकिस्तान ने अपनी योजना के अनुसार काम करना शुरू कर दिया। उसने सीमा पार से हमले करने के लिए सालों से चले आ रहे युद्ध विराम को तोड़ दिया, नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आतंकी लॉन्चपैड खाली कर दिए और अग्रिम इलाकों में सेना और भारी उपकरण तैनात करना शुरू कर दिया।

पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान पर भारत की सैन्य श्रेष्ठता स्थापित की, बल्कि दोनों देशों के बीच मतभेदों को भी सामने लाया- जहाँ भारत एक लोकतंत्र के रूप में सफल रहा, वहीं पाकिस्तान एक ऐसे सैन्य-राज्य के रूप में लड़खड़ा गया, जो आतंकवाद को राज्य की नीति के रूप में प्रायोजित करता है। पहलगाम हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से घेरने, आतंकवादियों और उनके समर्थकों को सैन्य रूप से दंडित करने और सिंधु जल संधि को निलंबित करने जैसी दीर्घकालिक लागतें लगाने की योजना बनाई। दूसरी ओर, जब दुनिया के अधिकांश देशों ने हमले की निंदा की और आतंकवाद का विरोध किया, तब पाकिस्तान ने पहलगाम हमले को एक झूठे अभियान के रूप में पेश करने के लिए एक दुष्प्रचार अभियान शुरू किया। पहलगाम में हुए नरसंहार के तुरंत बाद पाकिस्तान ने अपनी योजना के अनुसार काम करना शुरू कर दिया। उसने सीमा पार से हमले करने के लिए सालों से चले आ रहे युद्ध विराम को तोड़ दिया, नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आतंकी लॉन्चपैड खाली कर दिए और अग्रिम इलाकों में सेना और भारी उपकरण तैनात करना शुरू कर दिया।



ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में नौ आतंकवादी स्थलों पर हमला किया। 7 मई को, पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी भारत में असफल हवाई हमले किए। परिणामस्वरूप, भारत ने 8 मई को पाकिस्तान के हवाई रक्षा स्थलों पर हमला किया। जब पाकिस्तानी सेना ने भारत में दर्जनों स्थानों को निशाना बनाया, जिसमें पवित्र शहर अमृतसर और जम्मू कश्मीर के पुंछ में गुरुद्वारा शामिल था, तो पाकिस्तानी जनता आतंकवादियों को प्रायोजित करने वाली सेना के इर्द-गिर्द एकजुट हो गई। भारत में, लोगों द्वारा चुनी गई सरकार झंडे के इर्द-गिर्द एकजुट हो गई, क्योंकि भारतीय सरकार - लोगों द्वारा चुनी गई एक लोकतांत्रिक सरकार - ने मिसाइलों और ड्रोन की बौछार के खिलाफ देश की सुरक्षा का आयोजन किया और बल के साथ जवाब दिया। अंतर स्पष्ट था- जबकि भारत ने पहलगाम हमले और कई अन्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों पर हमला किया, जबकि भारतीय समाज राष्ट्र की रक्षा के लिए झंडे के चारों ओर लामबंद हो गया, वहीं पाकिस्तानी समाज पाकिस्तानी सेना के चारों ओर लामबंद हो गया, जो आतंकवादियों की ओर से भारत पर हमला कर रही थी। ऐसे समय में जब भारत में आतंकवाद के खिलाफ़ द्विदलीय विरोध देखने को मिल रहा है, पाकिस्तान ने आतंकवादियों को सम्मानित करना और आतंकवादियों के साथी राज्य प्रायोजकों को खुश करना जारी रखा है। आतंकवाद के राज्य प्रायोजित होने के स्पष्ट संकेत में, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ और सेना प्रमुख मुनीर ने पाकिस्तान और पीओजेके में आतंकवादी स्थलों पर भारतीय हवाई हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में भाग लिया। इसके अलावा, अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी नेता हाफ़िज़ अब्दुल रऊफ़ ने भारतीय हवाई हमलों में मारे गए आतंकवादियों के लिए जनाज़े की नमाज़ का नेतृत्व किया। अंतिम संस्कार में लेफ्टिनेंट जनरल फ़य्याज़ हुसैन शाह, 4 कोर कमांडर; मेजर जनरल राव इमरान सरताज, 11 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग; ब्रिगेडियर मोहम्मद फुरकान शब्बीर, 15 मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के कमांडर; उस्मान अनवर, पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक; और मलिक सोहैब अहमद भेरथ, पंजाब की प्रांतीय विधानसभा के सदस्य शीर्ष सैन्य और नागरिक अधिकारी शामिल हुए।

## वर्ग पहेली 5744

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| | ■ | | ■ | 8 | | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | 15 | ■ | 16 | | ■ | 17 |
| | ■ | 18 | | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | 20 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य)बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढ़ंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंगे मारना, झूमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी पके अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुडी, गिरोह (2)
11. छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में, ज्यादा (3)

### वर्ग पहेली 5743 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | ग | द | ■ | ग | ठि | या |
| ल | त | म | र्द | न | ■ | ग | म |
| दे | ■ | क | ■ | व | र | ना | ■ |
| व | क्ष | ■ | स | जी | व | ■ | श्या |
| ■ | मा | मा | ■ | व | ■ | सो | म |
| ■ | प्र | ह | स | न | ■ | ह | ल |
| ■ | दा | वा | ■ | ■ | रा | ब | ■ |
| वा | न | र | ■ | बे | ह | त | र |

# अमेरिकी सिंहासन से जारी होते तुगलकी फरमान

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

अमेरिका की स्थित निरंतर असहज होती जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर से लेकर घरेलू मामलों तक में वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फरमान मुहम्मद तुगलक की याद ताजा करने लगे हैं। मुहम्मद तुगलक व्दारा अपनी राजधानी का स्थानान्तरण दिल्ली से दौलताबाद और फिर दौलताबाद से दिल्ली करने से लेकर चमडे के सिक्के चलाने तक के किस्से आज भी चटखारे लेकर कहे-सुने जाते हैं। ऐसा ही कुछ हाल डोनाल्ड ट्रंप का भी नजर आ रहा है। कभी टैरिफ को लेकर विवादास्पद बने तो कभी एपल, सैमसन जैसी कम्पनियों को धमकी देने नजर आये। कभी हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के दाखिले पर प्रतिबंध लगाया तो कभी विदेशी अतिथियों के साथ व्हाइट हाउस में अभद्र व्यवहार किया। विचित्र मानसिक स्थिति से गुजर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति का व्यवहार इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। कभी आपरेशन सिंदूर को रुकवाने का श्रेय लेने के लिए आगे आते हैं तो कभी अपनी ही बात से पीछे हट जाते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ खनिज अनुबंध को लेकर दबाव बनाने के दौरान गर्मागर्म बहस होने के बाद अभी हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोस को कथित रूप से फर्जी वीडियो दिखाकर रंग-भेद पर उनकी बौखलाहट देखते ही बनी। उन्होंने अपने सहयोगी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तक को वहां की आन्तरिक नीतियों पर नहीं बक्सा था। ट्रंप ने तो इजरायल को उसके कट्टर दुश्मन तुर्किये तथा ईरान तक के साथ तर्क संगत करने की सीख तक दे दी थी। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ट्रंप की मुलाकात न केवल सम्मानजनक वातावरण में हुई थी बल्कि आतिथ्य देने वाले ने मोदी की जमकर प्रशंसा भी की थी। उन्होंने कहा था कि यह मुझसे कहीं ज्यादा सख्त वार्ताकार हैं, इनसे कोई मुकाबला ही नहीं है। ईमानदाराना बात तो यह है कि भारत की बढती अर्थ व्यवस्था, शीर्ष पर पहुंचती प्रतिभायें, आत्मनिर्भरता का ऊपर उठता ग्राफ, तकनीकी प्रगति, स्वदेशी हथियारों की बाढ, विदेश नीति का फहराता परचम, आन्तरिक स्थिरता जैसे अनगिनत कारण है जो अमेरिका के माथे पर उभर रही चिन्ता की लकीरों को निरंतर गहरा कर रहे हैं। रूस, यूक्रेन, फ्रांस, इटली, जापान, जर्मनी जैसे देशों के साथ भारत ने संतुलित संबंध स्थापित किये हैं जिनके कारण दुश्मन की कूटनैतिक चालों से लेकर घातक षडयंत्रों तक पर नियंत्रण लगना शुरू हो गया है। बंगला देश के माध्यम से भारत को तनाव देने की अमेरिकी चाल असफल रही तो चीनी झांसे में आकर मालदीप और श्रीलंका की अल्पकाल के लिए खराब हुई बुध्दि फिर से सकारात्मक हो गई। पाकिस्तान के कंधे पर रखकर चीन और अमेरिका ने एक साथ बंदूकें चलाई थीं। जहां अमेरिका ने आतंक के संरक्षक को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्जा दिलवाया, विश्व बैंक से राहत दिलवायी, कूटनैतिक चालें चलीं वहीं चीन ने उसे प्रत्यक्ष समर्थन ही नहीं दिया बल्कि युध्द हेतु अत्याधुनिक साज-ओ-सामान सहित अपनी सैटलाइट सुविधा तक उपलब्ध करायी। वर्तमान में दुश्मनों व्दारा एक साथ मिलकर भारत की बहुमुखी तरक्की को रोकने के लिए घिनौनी चालें, खतरनाक षडयंत्र और छद्म युद्ध जैसे हथियारों का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। भारत की साख को बट्टा लगाने के अवसर पैदा करने की चल रही कोशिशों को तूफानी गति दी जा रही है। इस बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से पहले ही ट्रंप ने रूस-यूक्रेन तथा इजरायल-हमास के मध्य चल रहे युध्द को रुकवाने की गारंटी दी थी।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे। ऑफिस में यदि अतिरिक्त समय देना पड़े तो चिंता न करें, घर की ओर से पूरा समर्थन रहेगा। आपके प्रेफेशनल नेटवर्क में कोई प्रभावशाली व्यक्ति आपकी मेहनत से प्रभावित होकर आपको प्रमोशन या नए प्रॉजेक्ट के लिए नामित कर सकता है।

**वृष**

आज तरक्की के योग बन रहे हैं। दिन ऊर्जा और जोश से भरा है। कार्यस्थल पर आप जो भी काम उत्साहपूर्वक करेंगे, उसमें सफलता निश्चित है। सरकारी नौकरी वालों को कोई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हो सकती है। पुराने निवेशों से रिटर्न मिलने की संभावना है और अटका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**तुला**

आज आर्थिक लाभ होगा। पारिवारिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से मन प्रसन्न रहेगा, जिससे आप धन और करियर पर पूरी तरह फोकस कर पाएंगे। ऑफिस में अकाउंट्स या दस्तावेज़ से जुड़े किसी काम में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी, इसलिए उन्हें पहले से तैयार रखें।

**वृश्चिक**

आज अपने इनोवेटिव आइडियाज को लागू करने का अवसर मिलेगा। यदि आप मीडिया, राजनीति या पब्लिक रिलेशन से जुड़े हैं, तो नए कॉन्टैक्ट बन सकते हैं। बिजनस में किसी क्लाइंट के साथ डील फाइनल करते वक्त रिश्तों की अहमियत समझें।

**मिथुन**

आज फाइनेंस से जुड़े अहम निर्णय लेने के लिए दिन सर्वोत्तम है, क्योंकि आने वाले दिनों में समय की कमी रहेगी। बैंक या टैक्स से जुड़े किसी दस्तावेज़ पर साइन करने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें।

**कर्क**

आज आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक और आत्मिक ऊर्जा आपको सकारात्मक बनाएगी, जिससे आपके निर्णयों में स्थिरता आएगी। कार्यक्षेत्र में आप किसी बौद्धिक या क्रिएटिव प्रॉजेक्ट को सफलतापूर्वक संभाल सकते हैं।

**धनु**

आज दिन व्यस्त साबित होगा। आपके सामने कार्यभार अधिक रहेगा, लेकिन साथ ही उनमें सफलता की भी संभावना प्रबल है। किसी लंबे समय से रुके हुए प्रॉजेक्ट को आप पूरी कुशलता से अंजाम देंगे। आत्मविश्वास और अनुभव का सही उपयोग आपको नेतृत्व की ओर ले जा सकता है।

**मकर**

आज करियर में लाभ का दिन है। घर के जरूरी कामों में अधिक समय लग सकता है, लेकिन करियर को लेकर भी आपको सजग रहना चाहिए। यदि आप लीगल या डॉक्यूमेंटेशन से जुड़े हैं तो किसी पेपर पर हस्ताक्षर करने से पहले पूरा विवरण पढ़ना जरूरी होगा।

**सिंह**

आज ऑफिस में टीमवर्क और लीडरशिप सभी को प्रभावित करेगी। आप अपने साथियों का भरोसा जीतने में सफल रहेंगे। यदि कोई कानूनी विवाद या सरकारी अड़चन लंबे समय से चल रही थी, तो उसका समाधान निकल सकता है।

**कन्या**

आज रचनात्मकता चरम पर होगी। यदि आप आर्ट, डिजाइन, राइटिंग या सोशल मीडिया से जुड़े हैं तो दिन कुछ नया और लाभदायक आरंभ करने के लिए उत्तम है। पैसे की थोड़ी तंगी हो सकती है, पर शाम तक कोई आर्थिक सहायता या बकाया मिल सकता है।

**कुंभ**

आज किसी खुशखबरी के आने की पूरी संभावना है। शायद कोई इंटरव्यू कॉल या नया बिजनस प्रपोज़ल। छोटी यात्रा से आपको नए कॉन्टैक्ट्स मिल सकते हैं, जो करियर और बिजनस दोनों के लिए लाभदायक रहेंगे। अगर आप सेल्स या मार्केटिंग में हैं तो बड़ी डील हो सकती है।

**मीन**

आज दिन थोड़ा सा उलझन भरा साबित हो सकता है। सुबह थोड़ी सुस्ती या मानसिक उलझन रह सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा आप बेहतर महसूस करेंगे। ऑफिस में किसी प्रेजेंटेशन या एनालिसिस से जुड़ा काम आपकी प्रतिभा को उजागर करेगा।

## पंचकूला सामूहिक आत्महत्या मामला : गठित की गई जांच टीम

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा के पंचकूला जिले में सामूहिक आत्महत्या की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सेक्टर-27 स्थित एक मकान के बाहर खड़ी कार में एक ही परिवार के सात लोगों के शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है और इस संवेदनशील मामले की तह तक जाने के लिए 5 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, डीसीपी हिमाद्री कौशिक और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीमों ने कार की गहन जांच की और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। डीसीपी कौशिक ने बताया कि सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे और प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी एंगल से जांच की जा रही है। फिलहाल सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पंचकूला पुलिस के मुताबिक, कार से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लेकिन कुछ व्यक्तिगत सामान और पदार्थ ऐसे मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच को तेजी देने और किसी भी संभावित एंगल को नजरअंदाज न करने के निर्देश दिए हैं। पूरे शहर में इस घटना के बाद शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## टीडीपी पार्टी कल्याण, सुधार और विकास के लिए एक ट्रेंडसेटर : नायडू

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीडीपी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि केंद्र में विभिन्न सरकारों द्वारा लिए गए कई फैसलों में टीडीपी ने अहम भूमिका निभाई है और पार्टी कल्याण, सुधार और विकास के लिए एक ट्रेंडसेटर है। टीडीपी महानाडु को संबोधित कर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 43 सालों में टीडीपी ने कई चुनौतियों का सामना किया है। कई लोगों ने कहा कि पार्टी खत्म हो गई है, लेकिन इसका झंडा हमेशा ऊंचा रहा है। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा (अलग-अलग समय पर) लिए गए कई फैसलों में टीडीपी ने अहम भूमिका निभाई है। आंध्र प्रदेश आज जो सोचता है, भारत कल वहीं सोचता है, यह कई बार साबित हो चुका है। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को काफी नुकसान उठाना पड़ा और कई टीडीपी कार्यकर्ताओं की जान गई। उन्होंने कहा कि देश में कई राजनीतिक दल हैं। लेकिन टीडीपी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि जब संगठनात्मक ताकत की बात आती है, तब टीडीपी देश की सबसे मजबूत पार्टियों में से एक है। नायडू ने कहा कि पार्टी ने मात्र 45 दिनों में एक करोड़ सदस्यों को जोड़कर सदस्यता अभियान पूरा किया है। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन टीडीपी महानुडू मंगलवार को यहां शुरू हुआ। यह 27 से 29 मई तक चलेगा।

## 29 मई को पटना पहुंच रहे पीएम मोदी, बिहारवासियों को 50 हजार करोड़ की सौगात मिलेगी

पटना (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 मई को होने वाली बिहार दौरे को लेकर पटना में तैयारियां चल रही हैं। इस लेकर बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि पीएम के दौरे को लेकर राज्य भर में भारी उत्साह है। बिहारवासियों को 50 हजार करोड़ की सौगात मिलने वाली है। यह दौरा सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऐतिहासिक मौका है। जायसवाल ने बताया कि पटना का नया और भव्य एयरपोर्ट अब बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले है। साथ ही बिहटा में प्रस्तावित एयरपोर्ट का शिलान्यास भी पीएम मोदी करने वाले है। इससे राज्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती मिलेगी। पीएम मोदी पटना में रोड शो करने वाले है। यह रोड शो एयरपोर्ट से शुरू होकर शेखपुरा मोड़, इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए बीजेपी प्रदेश कार्यालय तक जाएगा। रास्ते में 32 जगहों पर स्वागत मंच लगाए जाएंगे। यहां आम लोग और पार्टी कार्यकर्ता पीएम का स्वागत करने वाले है। इस लेकर पटना को सजाया जा रहा है, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियां भी जोरों पर हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी करीब 20 जून तक फिर बिहार आ आएंगे। इस दौरान वे बिहार को और भी कई बजे सौगात दे सकते है।

## कर्ज से परेशान होकर एक ही परिवार के 7 लोगों ने जहर खाकर दी जान

पंचकूला (एजेंसी)। यहां एक ही परिवार के 7 लोगों ने कार में खाया जहर खाकर जान दे दी। मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले परिवार में दंपत्ति, उनके तीन बच्चे और दो बुजुर्ग ने संदिग्ध हालत में जहर खा लिया। सातों को सेक्टर-26 के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर एक को छोड़कर बाकी सभी को मृत घोषित कर दिया गया। जो बचा था, उसने सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सेक्टर 27 में एक खाली प्लॉट के सामने खड़ी कार में प्रवीण मित्तल (42), उनकी पत्नी, तीन बच्चे (एक बेटा व दो बेटियां) और प्रवीण के बुजुर्ग माता-पिता सोमवार रात सवा 12 बजे संदिग्ध अवस्था में मिले। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलवाकर सातों को सेक्टर 26 के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचवाया। वहां पर प्रवीण को छोड़कर परिवार के बाकी सभी सदस्यों को मृत घोषित कर दिया गया। प्रवीण की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सेक्टर 6 के सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। जांच में पुलिस को कार से बच्चों के स्कूल बैग, खाने पीने का सामान, कपड़े व अन्य चीजें मिली हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पंचकूला की डीसीपी हिमांद्री कौशिक, डीसीपी क्राइम अमित दहिया व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीन ऑफ क्राइम टीम और एसएफएल टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए। प्राइवेट अस्पताल में खड़ी मृतक परिवार की उत्तराखंड नंबर वाली कार का भी मुआयना किया। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह मामला सामूहिक आत्महत्या का लग रहा है। परिवार पंचकूला में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस के अनुसार परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि प्रवीन मित्तल के परिवार पर भारी कर्ज था। कुछ समय पहले उन्होंने देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का बिजनेस शुरू किया था। उसमें भी उनको घाटा हुआ।

# पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र कर सीएम उमर ने केंद्र से की पर्यटन पुनर्जीवन की मांग



पहलगाम (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य में शांति और विकास के संदेश को मजबूती देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार, 27 मई को पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित कर उन्होंने केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस समर्थन की मांग की है।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने केंद्र से अपील की कि कश्मीर में सार्वजनिक उपक्रमों और संसदीय समितियों की बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि जनता में विश्वास पैदा हो और देश-दुनिया को यह संदेश मिले कि घाटी आतंकवाद से नहीं, सकारात्मक बदलावों से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि यह मांग पहले भी नीति आयोग की गवर्निंग कार्उसिल की बैठक में रखी जा चुकी है।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, कि हमारी सरकार लोगों के मन से डर हटाकर उन्हें विश्वास और सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए काम कर रही है। इससे पर्यटन उद्योग को फिर से जीवंत करने में मदद मिलेगी और घाटी में सामान्य स्थिति लौटेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 5-6 सप्ताह कश्मीर के लिए बेहद कठिन रहे हैं और इस दौर से उबरने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

### श्रीनगर-जम्मू से बाहर पहली कैबिनेट बैठक

यह पहली बार है जब उमर अब्दुल्ला सरकार ने अपने मौजूदा कार्यकाल में श्रीनगर या जम्मू से बाहर कैबिनेट बैठक आयोजित की है। उन्होंने 27 मई को गुलमर्ग में भी एक विशेष बैठक बुलाने का ऐलान किया है, जिसमें उत्तरी कश्मीर से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि अपने पिछले कार्यकाल (2009-14) के दौरान भी उमर अब्दुल्ला ने गुरेज, माछिल, तंगधार, राजौरी और पुंछ जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में कैबिनेट बैठकें आयोजित कर ऐसी पहल की थी।

### अलर्ट पर प्रशासन, लोगों में भरोसा लौटाने की कोशिश

पहलगाम हमले के बाद जहां प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क हो गया है, वहीं इस तरह की पहल से सरकार यह संकेत देना चाहती है कि जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से न केवल राज्य का पर्यटन उद्योग फिर से पटरी पर आएगा, बल्कि यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## कलेक्टर तरन्नुम पर विवादित टिप्पणी कर फंसे बीजेपी नेता, कर्नाटक कांग्रेस हमलावर

कलबुर्गी। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में भाजपा एमएलसी और विधान परिषद में विपक्ष के मुख्य सचेतक एन रविकुमार द्वारा जिला कलेक्टर फौजिया तरन्नुम पर की गई भड़काऊ टिप्पणी के बाद विवाद बढ़ गया है। बीजेपी नेता रविकुमार ने कथित तौर पर कहा था, मुझे नहीं पता कि डीसी पाकिस्तान से आई हैं या यहां की कोई आईएएस अधिकारी हैं। यह टिप्पणी चित्तपुर में हाल ही में हुई घटना से संबंधित चल रहे तनाव के बीच आई है। डिप्टी कमिश्नर तरन्नुम के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए भाजपा एमएलसी कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इस पूरे मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता कुमार ने जो कुछ भी कहा वह उचित नहीं है। यह दुश्मनी पैदा करने वाला बयान है। उन्हें (कलबुर्गी डीसी तरन्नुम) कुछ नहीं होगा, लेकिन यह समाज में दुश्मनी पैदा करने के लिए है। उनके खिलाफ़ पुलिस शिकायत और एफआईआर दर्ज की जाएगी। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा संघ के अधिकारी और अन्य लोग आज सुबह मुझसे मिले। वे हैरान हैं। वह (फौजिया तरन्नुम) बहुत साफ-सुथरी अधिकारी हैं। यह एक महिला अधिकारी के प्रति उनका सम्मान है। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने रविकुमार की टिप्पणी की निंदा कर बेहद अप्रिय बताया। उन्होंने कहा, देश भर के भाजपा नेताओं और उनके भाषणों को देखिए, यह एक बेहद परेशान करने वाली मानसिकता को दिखाता है। एक सम्मानित अधिकारी के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता और राज्य मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने भाजपा पर अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ाने और प्रशासन का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

## आदित्य ठाकरे का बीजेपी से सवाल, मुंबईकरों से इतनी दुश्मनी क्यों



मुंबई (एजेंसी)। बालासाहेब ठाकरे और ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित बयान पर शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने पलटवार किया है। आदित्य ने कहा कि ये सभी बयान ठीक हैं, लेकिन मुंबईकरों को जवाब चाहिए कि भाजपा ने मुंबई को इस स्थिति में क्यों पहुँचाया हैं, जो स्थिति हम सभी ने कल देखी (जलभराव) भाजपा के मन में मुंबई के लिए इतनी दुर्भावना क्यों है? भाजपा मुंबई को क्यों खत्म करना चाहती है? बारिश के कारण हजारों हेक्टेयर भूमि का नुकसान हुआ है। किसानों को कोई मदद क्यों नहीं दी गई?

ठाकरे ने कहा कि चाहे मुंबई, ठाणे, या पुणे, कई शहरों में स्थिति खराब हो रही है। हमारे शहरों को कोई मदद क्यों नहीं मिल रही है? इससे पहले ठाकरे ने कहा था कि यह मुंबई और पुणे में भाजपा का घोटाला है। पिछले 2-3 हफ़्तों से हम मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश देख रहे हैं। किसानों को इस सरकार ने कोई मदद या समर्थन नहीं दिया है। इसी तरह, हमारे शहरों की जो भयानक स्थिति है, वह मेट्रो और सड़क घोटाले जैसे खराब नियोजित बुनियादी ढांचे के कारण है, जिसमें एकनाथ शिंदे (उपमुख्यमंत्री) शामिल हैं।

दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा था कि अगर शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे जीवित होते, तब 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गले लगाते। शाह ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) की आलोचना कर कहा कि भारत का संदेश पहुंचाने के लिए साझेदार देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का ''बारात'' कहकर मजाक उड़ाया।

# समीकरणों के बदलाव की आहट: राज्यसभा में बढ़ बढ़ी सकती हैं विपक्ष की सीटें



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले माह 19 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु की 6 सीटों के लिए मतदान होना है तो वहीं असम की दो सीटों के लिए भी वोटिंग होनी है। ये सीटों राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट के चलते खाली हो रही हैं। तमिलनाडु के 6 सदस्य जुलाई में रिटायर होंगे, जबकि असम के दो सदस्यों का जून महीने में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। तमिलनाडु में जिन 6 सीटों पर इलेक्श होना है, उनमें से तीन पर अब तक डीएमके के सदस्य थे। इसके अलावा तीन सीटों पर पीएमके, एआईएडीएमके और एमडीएमके के मेंबर सांसद थे। इससे संभावना है कि विपक्ष की सीटें बढ़ सकती हैं।

फिलहाल तमिलनाडु विधानसभा का जो समीकरण है, उसके हिसाब से डीएमके का नंबर तीन से 4 हो सकता है। इसके अलावा यदि कांग्रेस के साथ सहमति बनी तो फिर डीएमके एक सीट उसे भी दे सकती है। ऐसा होने पर भी विपक्षी गठबंधन के खाते में ही एक और सीट जाएगी। इसी तरह असम के आंकड़ों को देखते हुए भी विपक्ष के खाते में एक सीट का इजाफा हो सकता है। फिलहाल जो मेंबर रिटायर हो रहे हैं, वे भाजपा और असम गण परिषद के सदस्य हैं। लेकिन विधानसभा का जो समीकरण है, उस लिहाज से चुनाव की स्थिति में एक सीट भाजपा को मिलेगी तो वहीं एक अन्य सीट कांग्रेस या फिर उसके सहयोगी को मिल सकती है।

इस तरह चुनाव के बाद राज्यसभा में विपक्ष की सीटें 91 हो सकती हैं, जो अभी 89 ही हैं। इसके अलावा एनडीए की सीटें जो फिलहाल 128 हैं, वे घटकर 126 ही रह सकती हैं। बता दें कि हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में चुनावी हार के बाद विपक्ष के लिए यह राहत भरी खबर होगी। दरअसल कई राज्यों के चुनावों में लगातार कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को मात झेलनी पड़ी है। झारखंड को इसमें अपवाद के तौर पर देखा जा सकता है, जहां झामुमो की लीडरशिप में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी है।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार सीआरपीएफ जवान ने सैन्य ठिकानों के लोकेशन भेजे

नई दिल्ली। जासूसी के आरोप में पकड़ा गया सीआरपीएफ का जवान हमले से ठीक पहले तक पहलगाम में ही तैनात था। 22 अप्रैल को हुए हमले से 6 दिन पहले ही उसका ट्रांसफर हुआ था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। आरोपी असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मोती राम जाट को सोमवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। मोतीराम पहलगाम में सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन में तैनात था। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के मुताबिक आरोपी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को गोपनीय सूचनाएं दे रहा था। वह 2023 से ही पैसों के बदले देश के साथ गद्दारी कर रहा था। उसने पाकिस्तान को भारतीय सुरक्षा बलों की ऑपरेशनल जानकारी, मूवमेंट के तरीके और अहम सैन्य ठिकानों का लोकेशन भेज चुका था। गिरफ्तारी के बाद जवान को बर्खास्त कर दिया गया है। एनआईए के अधिकारी जासूसी के आरोपी जवान से पूछताछ में जुटे हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह क्या-क्या गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को दे चुका था और पाकिस्तान में किन-किन लोगों से संपर्क में था। वह कैसे पाकिस्तान का मोहरा बना यह भी पता लगाया जा रहा है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को धर्म पूछकर मार डाला था। मृतकों में अधिकतर हिंदू थे। सीआरपीएफ के एक बयान के अनुसार जाट केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर अपनी सोशल मीडिया एक्टिविटी की वजह से आया। सीआरपीएफ की ओर से बताया गया कि जाट को आगे की जांच के लिए एनआईए के हवाले कर दिया गया है। बयान में कहा गया है, इसके साथ ही, सीआरपीएफ नियमों के साथ संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत इस व्यक्ति को 21 मई से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# दिल्ली-मुंबई के लिए चेतावनी, महाराष्ट्र समेत गोवा, कर्नाटक और केरल के लिए भी रेड अलर्ट




नई दिल्ली (एजेंसी)। तेजी से आगे बढ़ रहे मानसून ने देश के कुछ हिंसा की चिंता भी बढ़ाई है। मॉनसून इस बार 12 दिन पहले ही महाराष्ट्र पहुंच गया। मुंबई में बारिश ने भारी तबाही मचाई है। भारी बारिश की वजह से मुंबई पानी से लबालब भर गई है। लोगों को घर से निकलना दूभर हो गया है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र समेत गोवा, कर्नाटक और केरल के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे में इन राज्यों में भारी से भारी बारिश होने का अनुमान है। मुंबई में प्रशासन ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है।

मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। आंधी-तूफान की संभावना के बीच दिल्ली के लिए हेजार्ड वॉर्निंग जारी की गई है। मंगलवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। महीने के आखिरी में दिल्ली में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि गुजरात में भी 30 मई तक बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। कुछ जगहों पर तेज हवाएँ चलने का अनुमान है। वहीं राजस्थान में अभी लू और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। 28 मई के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र के लिए हेजार्ड वॉर्निंगजारी की है। इसका मतलब तेज हवाओं और बारिश की वजह से काफी नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक 75 साल में पहली बार इतनी जल्दी मॉनसून मुंबई पहुंच गया है। मॉनसून इस बार तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुंबई में झमाझम बारिश के बाद मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा में भी 40 से 50 किलोमीट की गति से चलने वाली हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। कई जगहों पर बिजली गिरने की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक मॉनसून के गति पकड़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। ऐसे में कर्नाटक और महाराष्ट्र में बारिश और तेज हो सकती है। मौसम विभाग की वैज्ञानिक सुषमा नायर ने कहा कि 75 साल में पहली बार इतनी जल्दी मॉनसून मुंबई पहुंच गया है। सोमवार को मॉनसून मुंबई में दस्तक दे चुका है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि भारी बारिश में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा, हम अलर्ट मोड में हैं। बीएमसी, आर्मी और नेवी भी आपस में सहयोग से काम कर रही हैं। मुंबई में भारी बारिश के चलते लोकल ट्रेनों को नियंत्रित गति से चलाया जा रहा है। कुछ लोकल ट्रेनों को कुरला, दादर और परेल में ही रोक दिया गया।

# शहबाज ने मुनीर को सौंपी चीनी सेना की तस्वीर, ओवैसी ने खोल दी पोल



नई दिल्ली (एजेंसी)। एआईएमआईएम के प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी आजकल पूरी दुनिया में छाए हुए हैं। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए उनके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी बीच उन्होंने उस तस्वीर की पोल खोल दी जो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को सौंपी है। ओवैसी ने जमकर मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि नकल करने की भी अकल चाहिए, जोकरों की ये जमात भारत से टक्कर लेना चाहती है। बता दें कि तस्वीर में दिख रहे रॉकेट लॉन्चर पीएचएल-03 हैं, जो चीन का मल्टीपल रॉकेट सिस्टम है। यह फोटो 2019 में चीनी फोटोग्राफर हुआंग हाई ने ली थी और पिछले पांच वर्षों में कई बार उपयोग हो चुकी है। वहीं भारत ने पाकिस्तान पर की गई सैन्य कार्रवाई के फोटो और वीडियो प्रमाण पहले ही सार्वजनिक कर दिए हैं।

ओवैसी यहीं नहीं रुके, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, नकल करने के लिए अक्ल चाहिए। और इनके पास वो भी नहीं है! उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा, पाकिस्तान जो भी कहे, उस पर नमक की एक चुटकी भी बर्बाद मत करो! दरअसल, पाक जनरल आसिम मुनीर को शहबाज शरीफ ने एक तस्वीर भेंट की, जिसमें दावा किया गया कि यह पाकिस्तान की भारत पर सैन्य कार्रवाई का हिस्सा है। यह दावा पूरी तरह से फर्जी निकला। वह तस्वीर 2019 में चीनी सेना की एक सैन्य ड्रिल की तस्वीर निकली। कुवैत में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान की एक और फर्जी कोशिश की बखिया उधेड़ दी। ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक फोटो भेंट कीज ये जोकरों की जमात भारत से टक्कर लेना चाहती है! उन्होंने खुलासा किया कि वह तस्वीर दरअसल 2019 की चीनी सेना की एक सैन्य ड्रिल की थी, जिसे पाकिस्तान ने भारत पर कथित जीत के तौर पर दिखाया।

# अब भारत नहीं आ पाएंगे पाकिस्तान के लोग, अफगानिस्तान की शुरु होगी आवाजाही

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने न्यू अफगान वीजा मॉड्यूल के तहत जो सेवा शुरू की है, उसके अनुसार ऐसे लोगों को ही वीजा मिलेगा, जिन्हें किसी तरह का इलाज कराना हो या फिर मरीज की तीमारदारी करनी हो। वहीं छात्रों, कारोबारियों, मेडिकल अटेंडेंट, यूएन डिप्लोमैट वीजा पर आने वाले लोगों को भी एंट्री दी जाएगी। इन वीजा के आवेदनों पर हर मामले को लेकर अलग-अलग फैसला लिया जाएगा। वहीं पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान के लोगों की एंट्री पर भारत सरकार ने बैन लगा रखा है। वीजा सेवाएं ठप कर दी गई हैं। इस बीच तालिबान से भारत के रिश्तों में सुधार को देखते हुए अफगानिस्तान के लोगों के लिए वीजा सेवाओं को शुरू किया गया है।

बीते माह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के अपने समकक्ष आमिर खान मुत्ताकी से बात की थी। वहीं तालिबान शासन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी और कहा था कि इस लड़ाई में हम भारत के साथ हैं। दरअसल भारत और अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

अफगानिस्तान के लोगों को वीजा आवेदन करने के लिए मौके की एक तस्वीर, पासपोर्ट की डिटेल्स और एक अन्य आईडी कार्ड पोर्टल पर सबमिट करना होगा। यह फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि बीते कुछ महीनों में तालिबान के साथ भारत के रिश्ते सामान्य हुए हैं। तालिबान ने भारत को भरोसा दिया है कि उसकी जमीन से आतंकी गतिविधियों को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं पाकिस्तान से उसके रिश्ते खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकियों और डूरंड लाइन को लेकर सहज नहीं हैं। ऐसी स्थिति में भारत के साथ संबंध सुधार के अपने मायने हैं। भारत ने अफगानियों के लिए वीजा सेवा शुरू करके इसका संदेश भी दिया है।



# गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है : बीसीसीआई पर भड़के पूर्व बल्लेबाज



**मुम्बई (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क - भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए पिछले हफ्ते टीम की घोषणा की गई। शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी मिली। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद कई अटकलों के बीच जसप्रीत बुमराह को विकल्प के रूप में देखा जा रहा था और गिल की घोषणा ने कुछ लोगों को चौंका दिया जिसमें एक नाम पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का भी है। सहवाग ने बीसीसीआई के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शुभमन गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते।

सहवाग ने कहा, 'वह दूसरा सबसे अच्छा विकल्प था। लेकिन जो प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठता, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है? इसलिए मुझे लगता है कि यहां तर्क यह था कि उन्होंने देखा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प कौन था, और वह गिल थे और ऐसा ही हुआ।' दूसरी ओर सहवाग बुमराह को अतिरिक्त जिम्मेदारी न देने के लिए चयनकर्ताओं से सहमत थे। हालांकि वह तिवारी से असहमत थे और उन्होंने गिल को 'तीसरा सबसे अच्छा विकल्प' बताया, न कि दूसरा। उन्होंने कहा, 'एक सीरीज के लिए बुमराह ठीक हैं। लेकिन एक दीर्घकालिक विकल्प के रूप में आपको यह पूछने की जरूरत है कि अगर भारत एक साल में 10 टेस्ट खेलता है, तो क्या वह उन सभी मैचों में खेल पाएगा? या वह कितने मैच खेल सकता है? कप्तान चुनने में यह एक प्रमुख कारक है। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही निर्णय था क्योंकि उन्हें लगा कि वे बुमराह पर इतना दबाव और भार नहीं डाल सकते। तिवारी ने कहा कि गिल दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऋषभ पंत हैं, और गिल तीसरे सर्वश्रेष्ठ हैं।'

सहवाग ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने और विराट कोहली के बाद आधुनिक समय के दर्शकों के लिए इसे मनोरंजक बनाने के लिए पंत की प्रशंसा की। सहवाग ने यह भी व्यक्त किया कि अगर पंत अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटते हैं तो उन्हें भविष्य में संभावित कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है। सहवाग ने कहा, 'पंत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जो किया, वह किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया। विराट कोहली के बाद अगर कोई एक खिलाड़ी है जिसने प्रशंसकों को टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए मजबूर किया है, तो वह पंत है। लेकिन क्योंकि वह दुर्घटना का शिकार हुआ, चोटिल हो गया और फिर वापस आया, उसका उतना प्रभाव नहीं पड़ा, और इसलिए उसे उप-कप्तान बनाया गया, यह सोचकर कि अगर वह फॉर्म में वापस आ जाता है, तो वे भविष्य में उसे कप्तान बनाने का फैसला ले सकते हैं। लेकिन बहुत कम गेंदबाज हैं जिन्हें कप्तान बनाया जाता है। मेरे करियर में यह सिर्फ अनिल कुंबले थे, जिन्हें यह प्रारूप पसंद था, वे उपलब्ध थे और उनका प्लेइंग इलेवन में होना तय था।'

# सिंधु और प्रणय ने सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



**सिंगापुर (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया। एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

इस बीच हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मुकाबले में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी। जबकि अनमोल को चीन की चेन यूफेई से दूसरे गेम में करीबी हार मिली। अनमोल को 21-11, 24-22 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी चीन के चेंग जिंग/झांग ची की जोड़ी से 18-21,13-21 से हार गई।

# आईपीएल समापन समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाएगा बीसीसीसीआई

## -तीनो सेनाओं के प्रमुखों शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को किया जाएगा आमंत्रित

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि वह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि यह जश्न तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के दिन मनाया जाएगा। इसके लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान सेना को ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों के लिए सलामी दी जाएगी। सैकिया ने कहा, 'हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा को नमन करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सभी को प्रेरित भी किया। सैकिया ने कहा, 'उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जहां देश में क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना है पर हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़कर कुछ भी नहीं है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद पाक सेना के हमलों को भी भारतीय सेना ने विफल कर करते हुए जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की थी।

# चोटों से जूझ रहा बांग्लादेश, पाकिस्तान के खिलाफ युवा तेज गेंदबाजों पर जताया भरोसा




**लाहौर (एजेंसी)।** चोट के कारण सीनियर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद के बाहर होने के बाद बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस को उम्मीद है कि बाकी तेज गेंदबाज पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, जो बुधवार को लाहौर में शुरू होगी। तस्कीन टखने की चोट के कारण दो महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं, जबकि मुस्तफिजुर को पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग 2025 मैच के दौरान अंगूठे में चोट लग गई थी।

सिमंस ने कहा, 'आपको अपने सीनियर तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। जैसा कि हमने देखा, फिज (मुस्तफिजुर) उस समय आईपीएल में किस तरह की गेंदबाजी कर रहे थे। हमें उनकी कमी खलेगी। यह किसी के लिए इस सीरीज में उनकी जगह लेने का मौका भी है। उम्मीद है कि कोई गेंदबाज इस सीरीज में फिज की जगह लेना चाहेगा। इस फॉर्मेट में हमारी गेंदबाजी आमतौर पर हमारी मजबूती होती है। लेकिन दो वरिष्ठ गेंदबाजों, तस्कीन और फिज के बाहर होने से संतुलन बिगड़ा है।'

मुस्तफिजुर की अनुपस्थिति में चयनकर्ताओं ने खालिद अहमद को शामिल किया है। नाहिद राणा के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को नहीं चुना गया है जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए दौरे से नाम वापस ले लिया है। खालिद के अलावा, तेज गेंदबाजी इकाई में तंजीम हसन साकिब, हसन महमूद और शोरीफुल इस्लाम शामिल हैं। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को भी चोटिल सौम्य सरकार की जगह लाया गया है ताकि उनके गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत किया जा सके।

यूएई से 2-1 से सीरीज हारने के बावजूद सिमंस आशावादी बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि टीम का मनोबल अच्छा है और लाहौर में शानदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने को उत्सुक है। उन्होंने कहा, 'यूएई में सीरीज हारना मुश्किल था, लेकिन फिर कभी-कभी इससे आपका मनोबल बढ़ता है। हमारा मनोबल बहुत अच्छा रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि (यूएई में परिणाम) हमारा मनोबल बढ़ाएगा।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सीरीज जीतने का हमेशा अच्छा मौका रहता है। लोग कहते रहते हैं कि पाकिस्तान अच्छा नहीं खेल रहा है। फिर से, यह उस दिन होने वाली घटनाओं पर निर्भर करता है। हमारे पास यहां सीरीज जीतने का अच्छा मौका है। हम सभी पहलुओं में सुधार करने की कोशिश में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'

यह सीरीज बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी विभाग के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत भी करेगी, जिसमें शॉन टैट दो साल के अनुबंध पर तेज गेंदबाजी कोच के रूप में अपने पहले काम के लिए कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सिमंस ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी कोच मुश्ताक अहमद के साथ टैट, जो दोनों कराची किंग्स और पेशावर जाल्मी के साथ हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल थे, विपक्षी टीम की ताकत के बारे में मूल्यवान जानकारी देंगे।

# इंग्लैड दौरे में बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डालें : शास्त्री

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कहा है कि इंग्लैड दौरे में टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ नहीं डाला जाना चाहिये। शास्त्री ने कहा कहा कि बुमराह को हर दो मैच के बाद आराम दिया जाना चाहिये। साथ ही कहा कि उन्हें इस बात की आजादी दी जानी चाहिये कि वह अपने अनुसार मैच चुन सकें। भारतीय टीम 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज में इंग्लैंड से खेलेगी और इसे उसके नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत भी होगी। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे में लगी पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहे थे। इस गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेल में वापसी की थी। शास्त्री ने कहा कि मैं बुमराह को लेकर सतर्क रहूंगा। मैं उसे एक बार में दो टेस्ट मैच दूंगा और फिर ब्रेक का इंतजार करूंगा। साथ ही कहा कि आदर्श रूप से उसे चार खेलने दें। अगर वह शानदार शुरूआत करता है तो आप उसे पांच मैच खेलने के लिए कहेंगे पर ये उसके शरीर पर निर्भर करता है। बुमराह को ये तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए कि वह कौन सा मैच छोड़ता चाहता है। उन्होंने कहा कि उसे ये कहने का पहला अवसर दिया जाना चाहिए कि हां, मुझे थोड़ी परेशानी हो रही है। एक ब्रेक से उसे सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह, मोहम्मद सिराज के होने से भारतीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड पर हावी रहेंगे।



# सूर्यकुमार मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन और छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने

जयपुर । मुंबई इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपने आक्रामक अर्धशतक के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सूर्या ने इस मैच में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी केसाथ ही सूर्या मुम्बई की ओर से एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं। सूर्या ने इसी मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के मुंबई की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड भी तोड़ दिया। सूर्यकुमार ने अब तक 14 मैचों में 640 रन बनाये हैं।




इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन के नाम था, जिन्होंने साल 2010 में मुम्बई की ओर से 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने साल 2023 सत्र में 605 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लेंडल सिमंस ने साल 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 सत्र में 538 रन बनाये थे। इस सत्र में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने 2025 सत्र में अब तक 14 बार 25 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने साल 2018 में 13 बार यह रिकार्ड बनाया था। वहीं शुभमन गिल ने साल 2023 सत्र में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे। अब टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 से अधिक रन बनाने का रिकार्ड सूर्यकुमार के नाम है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार 25 से अधिक रनों का रिकॉर्ड्स तोड़ा। इसके अलावा सूर्यकुमार ने इस सत्र में सबसे अधिक छक्के लगाये। सूर्यकुमार ने अब तक 32 छक्के लगाये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने साल 2008 में 31 छक्के लगाए थे। वहीं तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के लगाये थे।

# वैभव सूर्यवंशी की टाइमिंग से महान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव वॉ हैरान, करियर को लेकर दी खास सलाह



**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में सनसनी फैलाने वाले 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की शानदार टाइमिंग से हैरान आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने उन्हें 'सुपरनोवा' बनने से बचते हुए नियंत्रण पर फोकस करने की सलाह दी है। वॉ नियमित रूप से आईपीएल नहीं देखते हैं लेकिन उन्होंने सूर्यवंशी को शानदार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि उसे अपने पैर जमीन पर रखने होंगे।

राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जमाया जो टूर्नामेंट में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। वॉ ने जियो स्टार पर कहा, '14 साल की उम्र में उस पर कोई दबाव नहीं है। वह पूरी आजादी के साथ खेल रहा है जिसे देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि उसके सामने चुनौती नियंत्रण बनाए रखने की होगी।'

वॉ का मानना है कि एक करोड़ से अधिक का आईपीएल करार पा चुके सूर्यवंशी 16 वर्ष के होने से पहले करोड़पति होंगे और उन पर अपेक्षाओं का काफी दबाव होगा। उन्होंने कहा, 'क्या वह इसी उत्साह से खेल सकेगा, इसी आजादी से बल्लेबाजी करेगा ? यह एक चुनौती होगी।' उन्होंने कहा, 'उसके पास कौशल है और वह मानसिक रूप से मजबूत है। आप चाहते हैं कि उसके जैसा बल्लेबाज कामयाब हो। क्रिकेट के लिए यह शानदार कहानी है। मैं आईपीएल ज्यादा नहीं देखता लेकिन इस तरह का कोई खिलाड़ी आता है तो देखने का मन करता है।' भारत में हर नए बल्लेबाजी स्टार की तुलना सचिन तेंदुलकर से की जाती है लेकिन वॉ ने कहा कि सूर्यवंशी या किसी की भी तुलना उनसे नहीं होनी चाहिये क्योंकि तेंदुलकर जैसी प्रतिभा बार बार नहीं आती। पर्थ में 1991-92 में 18 वर्ष के तेंदुलकर की 114 रन की पारी आज भी याद की जाती है। वॉ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि सचिन तेंदुलकर से किसी की भी तुलना हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया में आकर पर्थ में शतक जड़ना जो दुनिया की सबसे कठिन पिचों में से है और जहां अधिकांश खिलाड़ी जूझते नजर आते हैं।' उन्होंने कहा, 'पर्थ में इतनी कम उम्र में शतक लगाना हैरानी भरा था। सचिन तेंदुलकर जैसा दूसरा आसानी से नहीं मिल सकता। लेकिन मैंने एक 14 साल के लड़के के ढ्ढक्क में शतक लगाने की कल्पना भी नहीं की थी।'

## शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत, लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है : शशांक सिंह

जयपुर - पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने कहा, 'यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है।' इस 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि विश्वास और कड़ी मेहनत ही उनके सपने को वास्तविकता में बदलने की कुंजी थी। उन्होंने कहा, 'अपनी बात को जाहिर करना अलग चीज है और उस पर विश्वास करना अलग। हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हर एक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में शीर्ष दो में रहना आसान नहीं है।'




# धोनी का आगे खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा : उथप्पा

मुम्बई । आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और वह अतिम स्थान पर रही है। नियमित कप्तान रितुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण सत्र के बीच में ही 43 साल की उम्र में महेन्द्र सिंह धोनी ने टीम की कप्तानी संभाली थी पर इसके बाद भी टीम के प्रदर्शन में कोई बदलाव नहीं आ पाया। ऐसे में टीम के अनुभवी खिलाड़ियों की तरह ही धोनी के भी टीम में बने रहने पर सवाल उठे है। ये भी कहा जा रहा है कि धोनी 43 साल के हो गये हैं और अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिये। वहीं धोनी ने अभी इस मामले में कुछ नहीं कहा है। पूर्व क्रिकेट रॉबिन उथप्पा का कहना है कि महेन्द्र सिंह धोनी अगले आईपीएल में खेलेंगे या नहीं इस बारे में तो वह नहीं कह सकते पर ये सब उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। उथप्पा के अनुसार धोनी अगले साल 44 साल के हो जाएंगे पर जिस प्रकार से खेल से उन्हें प्यार है। ऐसे में धोनी खेलते रहना चाहेंगे पर ये इसपर भी निर्भर करेगा कि उनका शरीर कितना साथ देता है। उथप्पा ने कहा, फ्रयह सब उनकी सेहत और उनकी भावना पर निर्भर करता है। उनके अंदर खेल को लेकर जुनून है । इसका अंदाजा इसी से होता है कि धोनी ने 2025 में सीएसके के लिए हर मैच खेला और पिछले दो सत्र की तुलना में अधिक गेंदें खेलीं हालांकि, धोनी को निचले क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। इसके लेकर टीम के कोच ने कहा था कि अब उनका शरीर पहले की तरह नहीं है और वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इस स्थिति को देखते हुए उथप्पा ने उम्मीद जताई कि धोनी या तो सीएसके के साथ बने रहेंगे या छोटी नीलामी से पहले टीम को अपने फैसले के बारे में जानकारी देंगे जिससे उनकी जगह किसी और को लिया जा सके। उथप्पा ने कहा कि जैसे धोनी ने 2020 में सोशल मीडिया पर अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी वैसा कुछ करेंगे।



# क्रिकेट में दो ही गेंदबाजों के नाम है ये रिकार्ड

मुम्बई । क्रिकेट में कुछ ऐसे बातें हैं जिनके बारे में काफी कम लोगों को जानकारी है। इसी में एक डबल हैट्रिक भी है। हैट्रिक का मतलब जहां लगातार तीन विकेट लेना है। वहीं डबल हैट्रिक को लेकर लोग अंदाजा लगाते हैं कि इसमें 6 विकेट होंगे पर ऐसा नहीं है। क्रिकेट में डबल हैट्रिक तब कहा जाता है जब कोई गेंदबाज लगातार तीन से ज्यादा विकेट ले ले। कोई गेंदबाज लगातार 4 गेंद पर 4 विकेट हासिल करता है तो उसे डबल हैट्रिक कहा जाता है। क्रिकेट इतिहास में बहुत ही कम ऐसे गेंदबाज हुए हैं जिन्होंने डबल हैट्रिक ली है। इसका कारण है कि किसी भी गेंदबाज के लिए अपने ओवर में बिना किसी वाइड, नो बॉल के लगातार चार विकेट लेना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होती है। वहीं डबल हैट्रिक की बात करें तो अंतरराष्ट्री क्रिकेट में श्रीलंका के महान तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा और बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने यह उपलब्धि हासिल की है। है। मलिंगा ने साल 2007 एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में लगातार चार गेंद पर चार विकेट लेकर इतिहास रचा था। इसके अलावा बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने घरेलू लीग मैच में लगातार 4 गेंद 4 विकेट लेकर ये कारनामा किया था।



# हमने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है : पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग

**जयपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और एक दशक से अधिक समय में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना अभी आधा-अधूरा काम है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे।

पोंटिंग ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि यह स्पष्ट हो गया है कि यह वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है जो सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हां, यह अब तक की एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन वास्तव में यदि आप अतीत पर गौर करें तो हमने अभी तक कुछ भी हासिल नहीं किया है। यह एक बात है जो मैं खिलाड़ियों से उस समय से कह रहा हूं जब हमने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था।' पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, 'मेरा लक्ष्य शुरू से शीर्ष दो में रहना था और अब हम वहां पहुंच गए हैं। यह एक ऐसी टीम है जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का भरपूर आनंद ले रहा है।' पोंटिंग ने कप्तान श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की। पिछली बार जब पोंटिंग-अय्यर की जोड़ी दिल्ली कैपिटल्स के लिए कोच और कप्तान थी, तब उन्होंने कोविड-19 के समय में टीम को अपने पहले फाइनल में पहुंचाया था।

पोंटिंग ने कहा, 'मैं उनके (अय्यर) साथ दोबारा काम करने के लिए काफी उत्सुक था। यह बिल्कुल स्पष्ट था कि नीलामी में मैं उन पर कितना पैसा खर्च करने को तैयार था। उनके कप्तान रहते हुए हमने दिल्ली को फाइनल में पहुंचाया था।' उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी के रूप में लंबे समय से जानता हूं। वह एक बेहद कुशल इंसान हैं। यदि आप खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करें, तो मुझे लगता है कि उनमें से प्रत्येक श्रेयस की बहुत प्रशंसा करेगा, क्योंकि उसने खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनकी पीठ थपथपाई जो एक अच्छे और मजबूत कप्तान का लक्षण है।'



# स्वरोजगार मूलक योजनाओं से प्रत्येक माह हितग्राही हों लाभांवित : कलेक्टर

## एनआरसी से डिस्चार्ज पर बच्चों को पौष्टिक आहार किट एवं माताओं को मजदूरी की प्रतिपूर्ति राशि देने का होगा प्रयास



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि स्वरोजगारमूलक योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों के हितलाभ प्रकरणों के समय पर निराकरण के उद्देश्य से माहवार लक्ष्यपूर्ति का प्रयास किया जाए। इसके लिए विभागीय व बैंक स्तर पर जरूरी समन्वय के माध्यम से निरंतर कार्य कर हितग्राहियों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में वित्तीय वर्ष के अंतिम माह अथवा अंतिम त्रैमास की प्रतीक्षा न करें। इस संबंध में उन्होंने हर माह स्वरोजगार प्रकरणों का वितरण कराने सहित लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही विभाग के अधीनस्थ लोकसेवकों द्वारा लापरवाही बरतने पर वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में भी तत्परतापूर्वक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के समयसीमा में निराकरण के उद्देश्य से पुरानी शिकायतों सहित वर्तमान माह में प्राप्त शिकायतों का भी समानांतर रूप से संतुष्टिपूर्वक निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके अलावा प्राथमिकता के साथ टीएल और जनसुनवाई पत्रों का भी निराकरण हो। उन्होंने कई बार निर्देश के बावजूद सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर एल-1 स्तर पर निर्धारित समयावधि में शिकायत अटेंड न करने तथा लोक सेवा गारण्टी अधिनियम की विभिन्न नागरिक सेवाओं के समय सीमा में निराकरण न होने पर संबंधितजनों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के सख्त निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि विभागीय अधिकारी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले की रैंकिंग में सुधार के लिए भी सार्थक प्रयास करें। साथ ही संवेदनशीलता से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण सहित आमजन के प्रति अपने व्यवहार और दृष्टिकोण में भी बदलाव लाएं। इस दौरान विशेषकर 70 वर्ष एवं अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल में पंजीकृत श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग की केसीसी योजना में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। समस्त जिलाधिकारियों को जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई में भी जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजनों की समस्या निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। टीएल बैठक में न्यायालयीन प्रकरण अंतर्गत जवाबदावा कार्यवाही और अवमानना याचिकाओं के निराकरण की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सतत् निरीक्षण तथा उपलब्ध सीट क्षमता के विरूद्ध चिन्हांकित शत-प्रतिशत कुपोषित बच्चों के निरंतर रूप से उपचार के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि डिस्चार्ज के उपरांत बच्चों के स्वास्थ्य निगरानी के लिए फॉलोअप की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। आगामी माह से निर्धारित समय उपरांत एनआरसी से बच्चों के डिस्चार्ज के दौरान पौष्टिक आहार किट प्रदान करने तथा बच्चे की माताओं को मजदूरी की प्रतिपूर्ति राशि की व्यवस्था के बारे में भी अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण समाप्त करने के लिए प्रारंभिक रूप से ही गर्भावस्था के शुरूआती तीन माह की आवश्यक जांच व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। स्वास्थ्य योजनाओं विशेषकर महिला स्वास्थ्य की दिशा में सभी जरूरी प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि पर्यवेक्षण में अभाव के कारण गत कई माह से निकायवार संचालित हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति कम है। प्रत्येक जनपद पंचायत सीईओ द्वारा इसके लिए पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के कार्यों की मॉनिटरिंग कर लापरवाही अथवा स्वच्छंदता बरतने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इसके बावजूद भी प्रगति में सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति जैसी कड़ी कार्यवाही भी करें। शासकीय सेवकों के आधार में वांछित सुधार के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर में शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा संभागायुक्त के निर्देशानुसार आगामी दिवसों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण तथा समय पर वित्तीय स्वत्वों के लाभ के लिए आगामी 31 मई तक जिला पेंशन कार्यालय में प्रकरण प्रेषित करने के लिए कहा। जिला पेंशन अधिकारी ओ.पी. गुप्ता ने बताया कि न्यायालयीन, लोकायुक्त एवं विभागीय जांच के प्रकरणों को छोड़कर सभी सामान्य प्रकरणों का शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में भी प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने आगामी 12 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में सागर में प्रस्तावित संभागीय समीक्षा बैठक के संबंध में आवश्यक कार्यवाही, शासकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति के लिए सार्थक पोर्टल पर यूजर पंजीयन कराने, आगामी वर्षाकाल के पूर्व बाढ़ एवं राहत संबंधी तैयारी, समर्थन मूल्य पर उपार्जित स्कंध के परिवहन व किसानों को भुगतान, जल गंगा संवर्धन अभियान में अन्य विभागों द्वारा भी गतिविधियों के निरंतर आयोजन, विभिन्न परियोजनाओं में भू-अर्जन की शेष मुआवजा राशि के शीघ्र वितरण, खाद्यान्न हितग्राहियों का ई-केवायसी कार्य अविलंब पूर्ण कराने, ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या की सूचना पर टीम भेजकर तत्परता से समस्या के निराकरण तथा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं पवई में विभिन्न ब्रांच में सीट क्षमता के विरूद्ध प्रवेश सुनिश्चित कराने और ई-ऑफिस पर ऑनबोर्ड हो चुके विभागों द्वारा तत्काल फाइल जनरेशन कर निराकरण प्रारंभ कराने के लिए भी निर्देशित किया गया।

टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुरूवार, 29 मई को पन्ना में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर आवश्यक प्रबंध के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए। बताया गया कि पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्थानीय छत्रसाल पार्क पहुंचेंगे और महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन कार्यक्रम में शामिल होकर सभास्थल शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना ग्राउण्ड रवाना होंगे। यहां मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न प्रदर्शनी का अवलोकन कर विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री छत्रसाल जन्मोत्सव एवं पन्ना नगर के गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री के मुख्यातिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, टेंट, प्रदर्शनी, पेयजल, मेडिकल टीम की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भारी मात्रा में जप्त अवैध शराब के प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार




**पन्ना।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 21-22 मई 2025 की दरम्यानी रात पन्ना-छतरपुर मार्ग पर बक्चुर मनौर के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक क05ज्ञ2317 से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब (94 कार्टून, कुल 856.44 लीटर) बरामद की गई थी। बरामद शराब की अनुमानित कीमत ?6,36,510/- एवं वाहन की कीमत ?8,00,000/- सहित पुलिस द्वारा कुल ?14,36,510/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया था। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 461/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। मामले में पन्ना पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप मामले में मुखबिर सूचना के आधार पर पन्ना पुलिस द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें रामचरण साहू पिता नंदकिशोर साहू निवासी सटई रोड छतरपुर तथा अंकित कुशवाहा तथा राजीव कुशवाहा सिंचाई कॉलोनी छतरपुरपुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों एवं संभावित नेटवर्क की जानकारी एकत्र कर रही है। शीघ्र ही इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी मामले में विवेचना जारी है ।पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा इस कार्यवाही की सराहना करते हुए, टीम को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार देने की घोषणा की है

# आरएलएस मौर्य होंगे नए अधीक्षण यंत्री

**पन्ना।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ए विभाग में पदस्थ रहे अधीक्षण यंत्री महेंद्र सिंह का राज्य शासन द्वारा रीवा के लिए स्थानांतरण कर दिया गया है उनके स्थान पर नए अधीक्षण यंत्री के रूप में आर एल एस मौर्य को पदस्थ किया गया है ज्ञात हो कि महेंद्र सिंह द्वारा पन्ना जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार तथा फर्जी वाडा किया है इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में नल जल योजनाओं स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र की नल जल योजनाओं तथा हैंड पंप लगाने एवं सुधार कर के नाम पर भारी फर्जी वाडा एवं भ्रष्टाचार किया है इनकी कार्य प्रणाली से अनेक अधिकारी कर्मचारी भी प्रताड़ित एवं परेशान रहे हैं सिर्फ भ्रष्ट चारी यो की चांदी रही है स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से इनके कार्यकाल की जांच कराकर कार्यवाही करने की भी मांग की है।

# सुनवानी कला में बह रही है ज्ञान की गंगा

## श्री108 तारतम ब्रह्मवाणी साप्ताहिक पारायण एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ



**पन्ना।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी निजानंद सेवा समिति सुनवानी कला तहसील अमानगंज में बीते 23 मई 2025 से श्री 108 तारतम ब्रह्मवाणी साप्ताहिक पारायण एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 29 मई 2025 तक किया जा रहा है?। मालूम हो की सुनवानी कला में स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर सुनवानी कला में रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष में श्री108 तारतम ब्रह्मवाणी साप्ताहिक पारायण मंदिर के सामने स्थित प्रांगण में बहुत ही सुंदर पंडाल बनाकर किया जा रहा है। आयोजित साप्ताहिक पारायण महायज्ञ में श्री तारतम वाणी का वाचन 108 ब्रह्ममुनी द्वारा किया जा रहा है। सुबह 8:00 बजे विधिवत पूजन उपरांत श्री तारतम वाणी का वाचन प्रारंभ होता है जो पूरे दिन चलता रहता है। इस महोत्सव में शिरकत करने धाम व धर्मस्थलों से धर्म आचार्य, धर्मगुरु, महंत, संत, विद्धजन एवं संगीतज्ञ पहुंच कर इस महायज्ञ की शोभा बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

श्री राधा कृष्ण प्रणामी दयानंद सेवा समिति द्वारा रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कथा व्यास श्री परमानंद जी महाराज (इकदिल इटावा) द्वारा कराया जा रहा है। कथा का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर उपरांत 3:00 बजे से 6:00 बजे तक किया जा रहा है। इसके अलावा रात्रि में सत्संग एवं भजन 9:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक किया जा रहा है।

# अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में 2 जून तक प्रस्तुत करें आपत्ति



**पन्ना**

कलेक्टर न्यायालय द्वारा पवई तहसील निवासी संजय पाठक पिता बद्री प्रसाद पाठक को ग्राम पवई की सर्वे नंबर 2658 रकबा 0.297 हे. भूमि पर बगैर स्वीकृति के कॉलोनी निर्माण करने पर इसे अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में आगामी 2 जून तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पटवारी हल्का नंबर 13 से संबंधित जनसामान्य को भी इस संबंध में सूचित किया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई के 04.02.2017 के साथ संलग्न राजस्व निरीक्षक मण्डल पवई के प्रतिवेदन 11.12.2016 अनुसार अनावेदक संजय पाठक द्वारा उक्त सर्वे नंबर की भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र एवं कॉलोनी विकास की अनुज्ञा प्राप्त किए बगैर कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा था।

इसके अलावा नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं प्राप्त किया व रेरा पंजीयन भी नहीं कराया गया। किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय करने पर इसे अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्यवाही प्रचलित है।

# गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्राशाही का आलम

## मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं के बैठने एवं पीने के लिए पानी भी नहीं नसीब




**पन्ना।** मध्य प्रदेश के सबसे पिछडे जिलों में सुमार पन्ना जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बद से बदतर हो चुकी हैं। गुनौर विधानसभा मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हाल तो और भी बेहाल बताए जा रहे हैं। यहां आने वाले मरीजों और गर्भवती महिलाओं के बैठने एवं पीने के लिए पानी की भी सुविधा नहीं है। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में विकास का ढिंढोरा पीटने वाले नेताओं की लचर स्वास्थ्य सेवाओं के सवालों पर बोलती बंद हो जाती है। आज 26 मई 2025 को सुबह से ही गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भीड़ लगी थी चेकअप करवाने के लिए गर्भवती महिलाएं भी आई हुई थी जिन्हें जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा था। यहां पंखा या कूलर की भी कोई सुविधा नहीं थी, पसीने से तर-बतर मरीज और गर्भवती महिलाएं परेशान देखी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर देखने पर केवल एक ही कूलर नजर आया वह भी पर्याप्त हवा नहीं दे पा रहा है।

मरीजों ने बताया कि डॉक्टर 11 बजे के बाद आते हैं और कुछ देर बाद चले जाते हैं, इलाज व औषधियों की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है जिसके चलते अधिकांश मरीजों व गर्भवती महिलाओं या घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचते ही जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया जाता है और जिला द्धद्ध चिकित्सालय में भी इलाज की कोई गारंटी नहीं होती यहां भी अधिकांश डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में व्यस्त रहते हैं और प्राइवेट तौर पर परामर्श लेने वालों को ही भर्ती करते हैं इसके अलावा सीधे अस्पताल पहुंचाने वालों में से अधिकतर मरीजों को रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए, रेफर कर दिया जाता है एक ओर शासन के द्वारा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारी भरकम बजट खर्च किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की मनमानी और अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# डेढ़ माह से अनुपस्थित पंचायत के सचिव, कामकाज ठप्प

**पन्ना।** जिले के शाहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रावल का मामला पुलिस थाने तक पहुंचा तथा सरपंच एवं उसके पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज है

पन्ना जिले के शाहनगर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चंद्रावल में विगत डेढ़ माह पूर्व सरपंच मिलन प्रजापति और सचिव ज्ञानेंद्र द्विवेदी के बीच जनसुनवाई के दौरान हुए विवाद के मामले में सरपंच के खिलाफ एफआईआर हो चुकी है। सरपंच के द्वारा सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार के तमाम सबूत और की गई शिकायतों के आवेदन प्रस्तुत कर भ्रष्टाचार की शिकायतों को दबाने के लिए पूर्व नियोजित षडयंत्र बताया गया है।

इस मामले के बाद डेढ़ माह से सचिव ज्ञानेंद्र द्विवेदी पंचायत से अनुपस्थित बताया जा रहा है ऐसे में पंचायत के तमाम काम प्रभावित हो रहे हैं। हितग्राहियों के केवाईसी सहित कोई काम नहीं हो पा रहे हैं। सरपंच मिलन प्रजापति ने 26 मई 2025 को जिला मुख्यालय पन्ना पहुंचकर जिला पंचायत सीईओ के नाम आवेदन सौंप कर बताया है कि हितग्राही अपनी समस्या लेकर मेरे पास पहुंच रहे हैं लेकिन सचिव के अनुपस्थित से मैं कुछ भी नहीं कर पा रहा हूं। कुछ काम सचिव के द्वारा लोगों को ठेके पर दिए गए थे उनकी राशि भुगतान के लिए भी लोग भटक रहे हैं, इससे पूर्व जनपद सीईओ शाहनगर से भी फरियाद कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया, सरपंच ने शीघ्र निराकरण की मांग उठाते हुए बताया है कि या तो सचिव को जिम्मेदारी निभाने के लिए निर्देशित किया जाए या फिर किसी और को प्रभार सौंपा जाए ताकि पंचायत के काम और हितग्राहियों के काम में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव 29 मई को पन्ना में अनेक कार्यक्रम में होंगे शामिल



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 29 मई को पन्नाजिले के प्रवास पर रहेंगे तथा अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे श्री यादव बुंदेलखंड केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती पर पन्ना पहुंच रहे हैं जो आयोजित जयंती समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे श्री जुगल किशोर लोक का शिलान्यास करेंगे स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर आम जनता को संबोधित करेंगे कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जिले के अधिकारियों द्वारा तैयारी की जा रही हैं

# नजरबाग स्टेडियम में लगातार चल रहे ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण

## खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने पहुंचे कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्रीय विधायक






**पन्ना।** पन्ना नगर के छत्रसाल नज़र बाग स्टेडियम में विगत 9 मई से ग्रीष्मकालीन खेल चल रहे हैं युक्त खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित हो रहे हैं जिसमें विभिन्न खेलों के लगभग तीन सैकड़ा से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं उक्त खेल प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक चलते हैं जिसमें बैडमिंटन खो खो फुटबॉल एथलेटिक्स कबड्डी मलखंभ आदि खेल युवा कल्याण अधिकारी एसपी सिंह बघेल द्वारा लगातार बेहतर ढंग से खेलों का संचालन कराया जा रहा है।

खेलों के साथ-साथ खिलाड़ियों को अन्य प्रकार की व्यावहारिक एवं बौद्धिक जानकारियां भी दी जा रहीं हैं जिसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग विषय का ज्ञान रखने वाले लोग खिलाड़ी बच्चों को अवगत कराते हैं इसी कड़ी में दिनांक 26मई को खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने कलेक्टर सुरेश कुमार शर्मा पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्णा क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अनेक लोग शामिल हुए जिन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तत्पश्चात आरएसएस के पूर्व जिला प्रमुख लक्ष्मीकांत शर्मा ने बौद्धिक के रूप में अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार सीखना चाहिए उन्हें अपने माता-पिता का सम्मान भगवान की तरह करना चाहिए क्योंकि माता-पिता उनके जन्मदाता है यदि जो बच्चा माता-पिता का सम्मान नहीं करता है वह संस्कारहीन होता है इसलिए सभी बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान करना अति आवश्यक है उन्होंने अनेक उदाहरण देकर भी बच्चों को अच्छी तरह से समझने का प्रयास किया तत्पश्चात सभी बच्चों को हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी संजय जादौन की तरफ से बेहतर स्वल्पाहारकी व्यवस्था की गई थी जिसमें बच्चों के साथ-साथ अतिथियों ने भी स्वल्पाहार का मजा लिया इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह डॉक्टर कैलाश मोदी अमर बहादुर सिंह विनोद तिवारी ध्रुव प्रताप सिंह वरिष्ठ पत्रकार मनीष मिश्रा राकेश शर्मा अकरम खान नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्य कार पुलिस लाइन के आर आई खिलावन सिंह कंवर खेल प्रशिक्षक राहुल सिंह गुर्जर प्रकाश सिंह पहलवान सिंह लॉरेंस ईट्स मुस्तकीम खान कार्यक्रम का सफल संचालन खेल अधिकारी एवं एसडीओपी एसपी सिंह बघेल द्वारा किया गया ।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 28 मई 2025




रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए कलश यात्रा, जल गंगा यात्रा तथा जल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।



## कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें : मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव ने अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए निर्देश

**रीवा।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर विभिन्न विभागों के कार्यों तथा महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हर माह समीक्षा करें। इसमें मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के प्रयासों, एनीमिया पर नियंत्रण एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान दें। परामर्श दात्री समिति की भी हर माह बैठक आयोजित कर अधिकारियों-कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर उनकी कठिनाईयों का निराकरण करें। वनाधिकार अधिनियम के तहत दर्ज किए गए दावों में से अभी भी पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में दावे लंबित हैं। अधिनियम के तहत गठित समिति की बैठकें आयोजित कर इन दावों का निराकरण कराएं। पात्र व्यक्ति को भू अधिकार पत्र जारी करें तथा अपात्र के दावे अमान्य करें। अधिनियम के तहत सामुदायिक दावों पर भी समुचित कार्यवाही करें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आगामी वर्षाकाल में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए समुचित तैयारी के निर्देश दिए।



मुख्य सचिव ने कहा कि 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक जिले में दल गठित करके उनके भ्रमण का रूट चार्ट तैयार कर दें। अभियान का मंत्रीगणों, सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से समारोहपूर्वक शुभारंभ कराएं। किसानों को विशेषज्ञ दल खेती के आधुनिक तकनीक, पराली प्रबंधन तथा कृषि विविधीकरण की जानकारी दें। खाद के संतुलित उपयोग तथा स्वाइल हेल्थ कार्ड के संबंध में भी किसानों को जागरूक करें। सभी जिलों में सड़क सुरक्षा समिति की हर माह बैठक आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, ब्लैक स्पॉट में सुधार तथा राहवीर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठकों का भी नियमित आयोजन करें। इसमें राहत राशि के प्रकरणों को स्वीकृत करके पीड़ितों को राहत राशि का भुगतान करें। समग्र पोर्टल में हितग्राहियों के ई केवाईसी सत्यापन तथा डुप्लीकेट के नाम पृथक करने की कार्यवाही भी संतोषजनक नहीं है। ई केवाईसी अपडेशन 30 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि ई आफिस प्रणाली 55 विभागों में लागू हो गई है। इससे समय की बचत होने के साथ फाइलों के निराकरण में तेजी आई है। इसे शीघ्र ही तहसील स्तर तक लागू किया जाएगा।

सभी अधिकारी मिशन कर्मयोगी योजना तहत अधिकारियों और कर्मचारियों को दक्षतावर्धन का प्रशिक्षण दिलवाकर उनकी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं। प्रदेश भर में 5 जून से एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरू किया जा रहा है। कलेक्टर अन्य विभागों से समन्वय बनाकर वृक्षारोपण की तैयारी सुनिश्चित कर लें। इस वर्ष भी 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश के 10 प्रमुख पर्यटन स्थलों में इस दिन सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे। जिला और विकासखण्ड स्तर तक योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्थानों का चयन करके समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी, खनिजों के अवैध खनन और परिवहन पर कार्यवाही तथा प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में निर्देश दिए गए। कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, अपर कमिश्नर नीतू माथुर तथा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में आवेदकों की सुनीं गई समस्यायें

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 73 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने जनसुनवाई करते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने के लिये प्रेषित किया। जनसुनवाई में गोविंदगढ़ के निवासियों ने शमशान तक पहुंचमार्ग के अवरोध को दूर कराने का आवेदन दिया। तहसीलदार को मौका निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जगदीश प्रसाद निवासी मौजा मौहरा, अमरीश पाण्डेय निवासी टोला रामप्यारे रीठी तथा नंदकिशोर कुशवाहा लौआ लक्ष्मणपुर के सीमांकन के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को प्रेषित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार



पारसनाथ सिंह सुमेदा के अधिगृहीत भूमि का मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन को एसडीएम हुजूर को, जयप्रकाश दुबे जमुई निवासी के खतौनी की नकल के आवेदन को नकल शाखा को, बुद्धिलाल प्रजापति निवासी अतरैला के नकल की जांच कराने के आवेदन को तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पतौना निवासी महेन्द्र मिश्रा ने आंधी तूफान से हुई क्षति की पूर्ति कराने का आवेदन दिया। जिसे एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मुन्नाकाल आदिवासी बौना 414 के फसल क्षति मुआवजा दिलाने के आवेदन को सीईओ त्योंथर जनपद को तथा रजनीश विश्वकर्मा पतेरी 346 के आवासीय भूमि से अनाधिकृत कब्जा हटाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जगन्नाथ पटेल निवासी काशीनाथ टोला शिवपुर्वा ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। धर्मदास माझी बिछिया निवासी ने नल कनेक्शन प्रदाय का आवेदन दिया जिसे आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

### अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

**रीवा।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं।

## परिवहन विभाग ने नियमों के उल्लंघन पर की 73 यात्री बसों पर कार्यवाही

### 60 स्कूल बसों को भी किया गया जप्त

**रीवा।** परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा और यात्री नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ा कदम उठाया है। नियमित जांच अभियान के अंतर्गत 73 यात्री बसों पर अनियमितताओं के चलते कुल 2,82,070 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। वहीं 60 स्कूल बसों को बिना वैध दस्तावेजों के संचालन के चलते स्कूल परिसरों से जप्त किया गया। इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्रवाई स्कूलों की छुट्टियों के दौरान की गई, ताकि स्कूल बसों की निष्क्रिय अवस्था में जांच की जा सके। जांच के दौरान पाया गया कि कई स्कूल बसें बिना परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और सुरक्षा मानकों के विरुद्ध खड़ी थीं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। इन बसों को स्कूल परिसर में जाकर जप्त किया गया और विधिवत पावती दी गई।



क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि यदि जप्त की गई बसों का संचालन दस्तावेज पूरे किए बिना किया गया, तो विद्यालय प्रबंधन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर ऐसी कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना दस्तावेज चलने वाली बसें केवल नियमों का उल्लंघन नहीं करतीं, बल्कि यात्रियों और खासतौर से बच्चों की जान के लिए खतरा बन सकती हैं। इस सख्त कार्रवाई का स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने समर्थन किया है और इसे बच्चों की सुरक्षा के हित में एक आवश्यक कदम बताया है।

## संतुलित उर्वरकों के उपयोग से बढ़ती है पैदावार

**रीवा।** कृषि वैज्ञानिकों द्वारा समय-समय पर किये गये प्रयोगों से यह बात साबित हो चुकी है कि खेतों से अधिकत्तम उत्पादन प्राप्त करने के लिये उर्वरकों के संतुलित व समन्वित उपयोग की जरूरत होती है न कि उर्वरकों के अधिक इस्तेमाल की। एक ही तरह के उर्वरकों का उपयोग करने से फसलों को उचित पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति क्षीण हो जाती है। इसलिये कृषकों को मिट्टी की प्रकृति को ध्यान में रखकर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिये। ऐसा करके किसान उर्वरकों की खपत काफी कम कर सकते हैं और अपना आर्थिक बोझ भी कम कर सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार फसलों में उर्वरकों के उपयोग से पहले यह जानना जरूरी है कि मिट्टी की प्रकृति कैसी है अर्थात मिट्टी भारी है या हल्के किस्म की। ऐसा इसलिये आवश्यक है क्योंकि जब भूमि में उर्वरकों का उपयोग किया जाता है तब उसका बहुत बड़ा भाग मिट्टी की निचली सतह में बहकर चला जाता है , जिसका फसल में कोई उपयोग नहीं हो पाता। बालुई या हल्की मिट्टी में नत्रजनधारी उर्वरक जैसे सोडियम नाइट्रेट, कैल्शियम नाइट्रेट आदि का रिसाव चिकनी मिट्टी की अपेक्षा अधिक होता है। इसलिये हल्की मिट्टी में नत्रजनधारी उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये, अन्यथा फसलों को जरूरत के मुताबिक उर्वरक प्राप्त नहीं होंगें और उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार उर्वरकों को हमेशा पौधों की जड़ों के आसपास देना चाहिये। जमीन के ऊपर उर्वरक बिखेरने से वह पौधों की जड़ों तक नहीं पहुंच पाते। नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों को एक बार में न देकर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में फसल की आवश्यकतानुसार दो या तीन बार में देना चाहिये।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक 29 मई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक 29 मई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बैठक में सभी सीईओ जनपद, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी तथा सहायक लेखा अधिकारी सहित तकनीकी अमले को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जागरूकता और जल संरक्षण के लगातार हो रहे काम

**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए कलश यात्रा, जल गंगा यात्रा तथा जल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और नई संरचनाओं का निर्माण भी लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत देवरा में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों ने गांव की महिलाओं के साथ जल गंगा कलश यात्रा निकाली। जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूनम दुबे, ग्राम के सरपंच, सचिव तथा बड़ी संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। कार्यपालन यंत्री पीएचई ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा विकासखण्ड के ग्राम सिलपरी में नलजल योजना की पाइपलाइन में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई। कार्यपालन यंत्री ने ग्राम हर्दी में अनुसूचित जाति बहुल बस्ती में पाइपलाइन में सुधार कर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई।

## रासायनिक उर्वरकों के संतुलित मात्रा में उपयोग की सलाह

**रीवा।** किसानों को फसलवार उपयोग में आने वाले उर्वरकों की संतुलित मात्रा के उपयोग की सलाह दी गई है। उप संचालक कृषि कल्याण यूपी बागरी ने कहा कि उर्वरकों के बढ़ते मूल्यों को देखते हुए फसलों की अधिक पैदावार लेने के लिए यह आवश्यक है कि रासायनिक उर्वरकों का सतुलित और सही मात्रा में प्रयोग हो। वर्तमान में यूरिया और डीएपी का प्रचलन बढ़ गया है, जो केवल नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस के अलावा अन्य पोषक तत्वों को प्रदान नहीं करते। इन उर्वरकों के लगातार प्रयोग से मिट्टी में पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों आदि की कमी संभावित है। पोटाश का फसल के स्वास्थ्य एवं गुणवत्ता से सीधा सबंध है तथा इसके उपयोग के फलस्वरूप पौधा सुदृढ़ होकर रोग-बीमारियों से कम प्रभावित होता है तथा दानों की चमक में भी वृद्धि होती है, जिसके कारण अच्छा बाजार भाव प्राप्त होता है। काम्पलेक्स उर्वरकों में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तत्व पाये जाते हैं। इसी प्रकार एसएसपी में फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर एवं कैल्शियम तत्व भी पाया जाता है। अतः काम्पलेक्स एवं एसएसपी उर्वरकों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों की बोनी का कार्य शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। उर्वरकों की उपलब्धता एवं समन्वित उपयोग को दृष्टिगत रखते हुए उगाये जाने वाली प्रमुख खरीफ फसलों हेतु उपलब्धता के अनुसार लगने वाले उर्वरकों की मात्रा की गणना कर उर्वरक समूहों के रूप में विकल्प तैयार किये गये हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि दल हर पंचायत का दौरा करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरण के बिना किसी कार्यवाही के एल-1 से एल-2 में जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदन एक सप्ताह में निराकृत करें। सीएम मानिट के बिन्दुओं पर भी कार्यवाही करके पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। सभी संभागीय अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान की मानीटरिंग करें। अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान करके भी भागीदारी निभाएं।

कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। संयुक्त संचालक कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों के जिलेवार दल तैनात कर दें। कृषि दल निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार प्रत्येक पंचायत का अनिवार्य रूप से भ्रमण करें तथा किसानों को खेती को बेहतर करने के उपाय बताए। भ्रमण के दौरान ड्रोन का भी प्रदर्शन अनिवार्य रूप से कराएं। आगामी फसल की तैयारी के लिए खाद और बीज का समय पर भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर वैकल्पिक खाद के उपयोग की जानकारी दें। खाद का अग्रिम उठाव और प्रत्येक समिति में



भण्डारण सुनिश्चित करें। किसानों की मांग के अनुरूप उन्नत किस्म के बीज उन्हें उपलब्ध कराएं। निजी क्षेत्र से बीज वितरण की भी सतत निगरानी रखें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में ऑनलाइन दर्ज कराकर पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत कर दें। कमिश्नर ने कहा कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी तैयारी कर लें। संभाग के बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर लें। लोक निर्माण विभाग तथा सेतु विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले मार्गों और पुलों में संकेतक लगाकर उनके फोटो सहित प्रतिवेदन सात दिवस में प्रस्तुत करें। नेशनल हाइवे तथा अन्य प्रमुख सड़कों में वाहन दुर्घटना से मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बसों सहित सभी वाहनों की नियमित रूप से जाँच करें। वाहनों में कमियाँ पाए जाने तथा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल को देखते हुए सभी आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरी क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं। जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या होती है वहाँ जल निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक नगरीय निकाय चित्रकूट नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई, नालियों की सफाई, सड़कों के सुधार तथा गंदे पानी के नालों को मंदाकिनी नदी में मिलने से रोकने एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की मानीटरिंग करें। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी का कार्य दो दिवस में पूरा कर लें। विषमता परिवार, मृत हितग्राही तथा स्थाई रूप से पलायन कर गए हितग्राहियों के नाम भी पोर्टल से तीन दिवस में पृथक कराएं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833